आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 178 | हापुड़, मंगलवार 14 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## महाकुंभ का भव्य शुभारंभ,पौष पूर्णिमा पर संगम की रेती पर आस्था का सैलाब



महाकुंभनगर । दुनिया के सबसे बड़े सनातन समागम महाकुंभ का भव्य शुभारंभ सोमवार को पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा के साथ हो गया। संगम की रेती पर बसे भव्य एवं सुरम्य अस्थायी जिले में लाखों श्रद्धालु अमृत स्नान के लिये बढ़े चले जा रहे थे।
अधिकृत जानकारी के अनुसार भोर करीब सुबह तीन बजे से पतित पाविनी गंगा,श्यामल वर्ण यमुना और अदृश्य सरस्वती नदियों के संगम पर स्नान ध्यान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सुबह साढ़े नौ बजे तक 60 लाख के आंकड़े को पार कर चुकी थी। आस्था के महासंगम में चहुंओर हर-हर गंगे के जयकारे गूंज रहे हैं। साधु संतों की उपस्थिति से वातावरण भक्ति रस से ओतप्रोत है। गरीब अमीर, जाति धर्म से परे आस्था का यह समागम देश की एकता और अखंडता का प्रतीक बन कर दुनिया भर में अपनी आभा फैला रहा है। महाकुंभ सनातन धर्म का सबसे बड़ा धार्मिक और आध्यात्मिक पर्व है। इसका आयोजन हर 12 सालों के बाद किया जाता है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर श्रद्धालुओं का अद्भुत नजारा देखने को मिला। आधी रात से ही श्रद्धालु और कल्पवासी संगम तट पर जुटने लगे थे। हर-हर गंगे और जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। विदेशी श्रद्धालुओं ने भी पावन स्नान किया। वैदिक पंचांग के अनुसार प्रथम स्नान स्नान के लिए सुबह 5.27 से लेकर सुबह 6.21 तक का सबसे शुभ माना गया है। लेकिन श्रद्धालु आधी रात के बाद से आस्था की डुबकी लगानी शुरू कर दी। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं तड़के से ही संगम स्नान के लिए पहुंचने लगे। आस्था का ऐसा आलम था कि सिर पर गठरी का वजन भी उनके उत्साह को कम नहीं कर सका। संगम नोज, एरावत घाट और वीआईपी घाट समेत समस्त घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालु स्नान करते नजर आए। युवाओं में सनातन संस्कृति और आध्यात्मिकता के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। संगम स्नान और दान-पुण्य में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम तट पर पूजा-अर्चना और दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेला क्षेत्र में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से चप्पे-चप्पे की निगरानी की जा रही है। डीआईजी और एसएसपी खुद चक्रमण कर रहे हैं। भीड़ प्रबंधन के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आधी रात और सुबह तड़के से ही पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पहले स्नान पर्व के दौरान इंद्रदेव ने भी अपनी कृपा बरसाई। एक दिन पहले रविवार को हुई हल्की बारिश के बाद ठंडी हवा और हल्की हवा के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र स्नान का आनंद लिया। संगम क्षेत्र में आस्था का ऐसा अद्भुत संगम देखने को मिला, जिसने सनातन संस्कृति और आस्था के प्रति गौरव की अनुभूति कराई।

## पीएम मोदी 15 जनवरी को करेंगे महाराष्ट्र का दौरा, तीन युद्धपोतों को देश को करेंगे समर्पित



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी (बुधवार) को महाराष्ट्र का दौरा करेंगे। इस दौरान वह सुबह करीब 10.30 बजे मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन फ्रंटलाइन युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को देश को समर्पित करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 3.30 बजे वह नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन मंदिर का उद्घाटन करेंगे। भारत की तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों की कमीशनिंग रक्षा निर्माण और समुद्री सुरक्षा में ग्लोबल लीडर बनने के भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। पी15बी गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर प्रोजेक्ट का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत, दुनिया के सबसे बड़े और सबसे उन्नत विध्वंसकों में से एक है। इसमें 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री है और यह अत्याधुनिक हथियार-सेंसर पैकेज और उन्नत नेटवर्क-केंद्रित क्षमताओं से लैस है। पी17ए स्टील्थ फ्रिगेट परियोजना का पहला युद्धपोत आईएनएस नीलगिरि, भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किया गया है और इसे बढ़ी हुई क्षमता, समुद्र में लंबे समय तक रहने तथा स्टील्थ युक्त उन्नत सुविधाओं के साथ नौसेना में शामिल किया गया है। यह स्वदेशी फ्रिगेट की अगली पीढ़ी को दर्शाता है। पी75 स्कॉर्पीन परियोजना की छठी और अंतिम पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर, पनडुब्बी निर्माण में भारत की बढ़ती विशेषज्ञता का प्रतिनिधित्व करती है। इसका निर्माण फ्रांस के नौसेना समूह के सहयोग से किया गया है। भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पीएम मोदी नवी मुंबई के खारघर में इस्कॉन की परियोजना के अंतर्गत श्री श्री राधा मदनमोहनजी मंदिर का भी उद्घाटन करेंगे। नौ एकड़ में फैली इस परियोजना में कई देवताओं के विग्रह के साथ एक मंदिर, एक वैदिक शिक्षा केंद्र, प्रस्तावित संग्रहालय और सभागार, साथ ही उपचार केंद्र आदि शामिल हैं। इसका उद्देश्य वैदिक शिक्षाओं के माध्यम से सार्वभौमिक बंधुत्वस, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देना है।

## सरकार देगी गरीबों के इलाज का पूरा पैसा,अस्पताल दें इस्टीमेट- योगी



गोरखपुर । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनता की समस्याओं पर पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से सुने। जिन्हें इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की आवश्यकता है तो उनके अस्पताल की इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराया जाए।
गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ सभागार में आयोजित जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से मुलाकात की। एक.एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जनता दर्शन में हर बार की तरह इस बार भी कई लोग गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने सभी को भरोसा दिया कि उनकी सरकार किसी भी जरूरतमंद के इलाज में धन की कमी को बाधक नहीं बनने देगी। विवेकाधीन कोष से मदद की जाएगी। इस दौरान एक महिला ने अपने परिजन का इलाज पीजीआई लखनऊ में कराने के लिए अपनी आर्थिक तंगी का जिक्र किया इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उसे आत्मीय संबल देते हुए कहा, अस्पताल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवा लीजिए। परेशान होने की आवश्यकता नहीं है, उपचार का पैसा सरकार देगी। एक अन्य महिला ने अपने परिजन का इलाज बीआरडी मेडिकल कॉलेज में होने का जिक्र कर मदद मांगी तो सीएम ने इसके लिए पास में मौजूद अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया साथ ही उन्हें चॉकलेट गिफ्ट किया।

## नामांकन दाखिल करने से पहले कालकाजी मंदिर में दर्शन करने पहुंची आतिशी




नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की कालकाजी विधानसभा सीट से उम्मीदवार आतिशी आज कालकाजी मंदिर में अपना नामांकन भरने से पहले मां का आशीर्वाद लेने पहुंची। कालकाजी मंदिर में दर्शन के बाद सीएम आतिशी ने गिरी नगर गुरुद्वारे में मत्था टेका। बता दें कि कालकाजी विधानसभा सीट पर आतिशी का मुकाबला बीजेपी के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी और कांग्रेस की अलका लांबा से होगा। मुख्यमंत्री आप पार्टी की उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल करने से पहले यहां पहुंची। कालकाजी मंदिर में मां को नमन किया। इससे पहले आतिशी ने सोशल मीडिया पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, आज अपना नामांकन भरने जा रही हूं। कालकाजी मंदिर जाऊँगी और कालका माई का आशीर्वाद लूंगी। फिर गिरी नगर गुरुद्वारे में अरदास कर, नामांकन रैली की शुरुआत करूंगी। पिछले 5 साल, कालकाजी के मेरे परिवार से, मुझे बहुत प्यार मिला है। मुझे भरोसा है कि उनका आशीर्वाद मुझ पर बना रहेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बीते शुक्रवार से ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। पहले दिन गुरुवार को 9 प्रत्याशियों ने नामांकन दर्ज किया था। इसमें राइट टू रिकॉल पार्टी के 6 प्रत्याशियों ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दर्ज किया है। दिल्ली में 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के मतदान होने हैं और इसके लिए शुक्रवार यानी 10 जनवरी को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। नोटिफिकेशन के साथ चुनाव के लिए उम्मीदवारों का नामांकन भी शुरू हो गया है।

## महाकुंभ में उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी-सीएम योगी के कटआउट संग सेल्फी लेने का दिखा क्रेज

महाकुंभ नगर । महाकुंभ के पहले पौष पूर्णिमा स्नान पर्व को लेकर सोमवार को संगम तट पर उमड़ी भीड़ में पीएम मोदी और सीएम योगी की तस्वीरों संग सेल्फी लेने और फोटो खिंचाने की होड़ दिखाई दी। नंदी द्वार पर लगे कटआउट के साथ तस्वीरें खिंचाने और सेल्फी लेने के लिए लोगों की भीड़ जमा दिखाई दी। भीड़ में महिलाओं और युवकों की भी संख्या सेल्फी और फोटो की होड़ में दिखी। मध्य प्रदेश के उज्जैन से आए ब्रजेश शर्मा ने कहा कि वे पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ दोनों के प्रशंसक हैं। इस तस्वीर ने उन्हें आकर्षित किया। पूरे परिवार ने सेल्फी ली और फोटो खिंचवाई है। यहां महाकुंभ मेले में अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। महाराष्ट्र के पूना से महाकुंभ मेला में स्नान करने आईं सुगंमा ढिप्पो ने कहा कि यहां महाकुंभ मेले में काफी अच्छी व्यवस्थाएं हैं। नंदी द्वार पर हमने पीएम मोदी और सीएम योगी की काफी आकर्षक तस्वीर देखी तो उनके संग सेल्फी ली। हमारा पूरा परिवार इन दोनों नेताओं का फैन है। दिल्ली से आई सुनीता स्वामी ने कहा कि हमें किस्मत से ये दोनों नेता मिले हैं। महाकुंभ मेले में हमें इन नेताओं की इतनी आकर्षक तस्वीर दिखाई दी तो हमने इनके साथ सेल्फी ली। हमारा पूरा परिवार इन नेताओं की कार्यशैली का मुरीद है। उत्तर प्रदेश के कौशांबी से आए मनोज कुमार सिंह ने दोनों नेताओं के कटआउट के साथ सेल्फी ली। मनोज ने मेले और स्नान की व्यवस्थाओं की तारीफ की। मनोज ने कहा कि योगी जी और मोदी जी ने महाकुंभ की काफी अच्छी व्यवस्था की है।

## भाजपा धांधली और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती - केजरीवाल




नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) धांधली करके और बेईमानी से दिल्ली का चुनाव लड़ना चाहती है। श्री केजरीवाल ने आज कहा कि पटपड़गंज से हमारे उम्मीदवार अवध कुमार ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा में बना हुआ था। उन्होंने दिल्ली में वोट बनवाने के लिए 26 दिसंबर को फॉर्म 6 भरकर आवेदन दिया था लेकिन उन्हें कोई जवाब नहीं आया। किसी ने उनसे कहा कि क्योंकि उनका ग्रेटर नोएडा में वोट बना हुआ है तो उन्हें वोट ट्रांसफर के लिए फॉर्म 6 नहीं, फॉर्म 8 भरना पड़ेगा। उन्होंने 7 जनवरी को फॉर्म 8 भर दिया। कानून के मुताबिक, फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख थी। चुनाव आयोग के मैनुअल यह कहते हैं कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक फॉर्म 6, फॉर्म 7, फॉर्म 8 भरे जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की निर्वाचन अधिकारी ने एक आदेश निकालकर कहा है कि फॉर्म 8 भरने की 7 जनवरी आखिरी तारीख है लेकिन रहस्यमय ढंग से एक दिन बाद उन्होंने दोबारा आदेश निकालकर कहा कि 6 जनवरी आखिरी तारीख है। यह दूसरा आदेश क्यों निकाला गया? यह कानून के खिलाफ है। यह चुनाव आयोग की दिशानिर्देश और मैनुअल के खिलाफ है। क्या यह आदेश जानबूझकर अवध ओझा को चुनाव से बाहर करने के लिए निकाला गया? श्री केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग का मैनुअल कहता है कि अगर कोई फॉर्म 8 यानी वोट ट्रांसफर कराने की एप्लिकेशन आखिरी तारीख के बाद भी आती है तो चुनाव आयोग उस पर गौर कर सकता है। लेकिन हमारे लिए यह उम्मीदवार के उम्मीदवारी का सवाल है और इसमें किसी भी तरह की कोई गड़बड़ नहीं है। अवध ओझा का वोट ग्रेटर नोएडा से दिल्ली ट्रांसफर होना है इसलिए आज हम मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलेंगे और उनसे निवेदन करेंगे कि अवध ओझा के वोट को ट्रांसफर कराया जाए ताकि वह अपना नामांकन दाखिल कर सकें।

## संक्षिप्त समाचार

### महाकुंभ की शुरुआत का दिन करोड़ों लोगों के लिए खास दिन- मोदी

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को महाकुंभ की शुरुआत के दिन को भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन बताया है। श्री मोदी ने 'एक्स'पर एक पोस्ट में कहा, भारतीय मूल्यों और संस्कृति को महत्व देने वाले करोड़ों लोगों के लिए एक बहुत ही खास दिन! आस्था, भक्ति और संस्कृति के पवित्र संगम में अनगिनत लोगों को एक साथ लाते हुए महाकुंभ 2025 प्रयागराज में शुरू हुआ। महाकुंभ भारत की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है और आस्था और सद्भाव का उत्सव मनाता है। गौरतलब है कि महाकुंभ विश्व का सबसे बड़ा सार्वजनिक समागम और आस्था का सामूहिक आयोजन है, जो 12 वर्ष के अंतराल पर आयोजित होता है। इस समागम में मुख्य रूप से तपस्वी, संत, साधु, साध्वियां और सभी क्षेत्रों के तीर्थयात्री शामिल होते हैं। इस वर्ष महाकुंभ मेला प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

### योगी ने महाकुंभ के शुभारंभ की दी शुभकामनायें

लखनऊ । दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ के लिये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शुभकामनायें प्रेषित की हैं। श्री योगी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया पौष पूर्णिमा की बधाई। विश्व के विशालतम आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ का आज से तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो रहा है। अनेकता में एकता की अनुभूति के लिए, आस्था एवं आधुनिकता के संगम में साधना एवं पवित्र स्नान के लिए पधारे सभी पूज्य सन्तों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत है। माँ गंगा आप सभी की मनोकामना पूर्ण करें। महाकुम्भ प्रयागराज के शुभारंभ एवं प्रथम स्नान की मंगलमय शुभकामनाएं। सनातन गर्व-महाकुम्भ पर्व।

### खरगे, राहुल, प्रियंका ने देशवासियों को दी लोहड़ी की शुभकामनाएं

नयी दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को लोहड़ी की बधाई दी है। श्री खरगे ने कहा, लोहड़ी के पावन पर्व पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम के बाद हुई फसल उपज को हर्षोल्लास से मनाने वाला ये त्योहार सम्पन्नता और समृद्धि का प्रतीक है। आशा है ये पर्व आप सबके जीवन में अपार खुशियाँ लेकर आए। श्री गाँधी ने कहा, आप सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाइयां। आशा करता हूं यह पर्व आपके जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उल्लास लेकर आए। श्रीमती वाड्रा ने कहा, आप सभी को लोक आस्था, किसानी और नई फसल के उत्सव लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं। यह पावन पर्व आप सबके जीवन में सुख, समृद्धि और शांति का संचार करे।

### महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों को जरूरत पड़ने पर डीएफसी ट्रैक से निकालने की योजना

नई दिल्ली । भारतीय रेलवे ने प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए विशेष गाड़ियों के सुचारु संचालन के लिए समर्पित मालवहन गलियारे (डीएफसी) का भी अधिकतम इस्तेमाल करने की योजना बनायी है। सूत्रों के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे में दादरी से मुगलसराय के बीच मुख्य ट्रंक लाइन पर एक भी मालगाड़ी नहीं चलेगी। डीएफसी पर शत प्रतिशत मालगाड़ियां चलायीं जाएंगी। सूत्रों ने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो महाकुंभ के लिए चलायी जाने वाली विशेष गाड़ियों को डीएफसी की लाइन से निकाला जाएगा। ताकि भीड़ के कारण गाड़ियों का परिचालन बाधित ना हों। गाड़ियां समय से निकल सकें। भारतीय रेलवे ने सोमवार से विशेष गाड़ियों के करीब 13 हजार फेरे लगाने की व्यवस्था की है। प्रयागराज से सभी दिशाओं के लिए अलग अलग स्टेशनों को तय किया गया है। डीएफसी के कारण दिल्ली कानपुर, मुगलसराय मार्ग की गाड़ियों को जल्द मार्ग मिल सकेगा।

### महाकुंभ की व्यवस्था से उमा भारती हुई प्रसन्न, सीएम योगी की तारीफ की

प्रयागराज । मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने संगम की रेती पर लगे आस्था के सबसे बड़े मेले महाकुंभ में व्यवस्था को लेकर मुख्यमंत्री योगी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि धन्य है भारत, धन्य है श्री प्रयागराज और धन्य है महाकुंभ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करोड़ों भारतवासियों की ओर से मेरा अभिनंदन। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सोमवार को लिखा कि मैं आज सवेरे प्रयागराज पहुंच गई। महाकुंभ क्षेत्र में नहीं हूं, शहर के अंदर रुकी हुई हूं। जब श्री प्रयागराज जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उतरी तो भ्रम और भय दोनों दूर हो गए। स्टेशन से लेकर पूरे रास्ते में तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधा, सुरक्षा इतनी अच्छी है, जो आज तक नहीं देखी। उन्होंने लिखा कि ठंड के बारे में जो भ्रम था, उतनी नहीं है, फिर भी योगी जी की सरकार ने ठंड से मुकाबले की भी बहुत अच्छी व्यवस्था कर रखी है। 1977 से मैंने श्री प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान शुरू किए हैं, तब से लेकर इस महाकुंभ तक यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए इतनी अच्छी व्यवस्था, सुरक्षा, सुविधा, प्रशासन एवं पुलिस का अति विनम्र व्यवहार पहले कभी नहीं देखा। उन्होंने आगे लिखा कि धन्य है भारत, धन्य है प्रयागराज और धन्य है महाकुंभ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का करोड़ों भारतवासियों की ओर से मेरा अभिनंदन। प्रयागराज के पावन संगम तट पर महाकुंभ 2025 का पहला स्नान पर्व पौष पूर्णिमा को सोमवार ब्रह्म मुहूर्त में शुरू हो गया। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने आस्थाा की डुबकी लगाई। इस दौरान भक्तों पर हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की गई।

### नकली सामान बनाने वाली कंपनी पर छापा

ट्रांस हिंडन । साहिबाबाद क्षेत्र में नामी कंपनी के नकली स्पीकर और एंप्लीफायर बनाने का खुलासा हुआ है। पुलिस ने लाखों रुपये का सामान बरामद कर दोनों व्यापारियों को नोटिस दिया है। पुलिस के अनुसार, विकास पुरी, नई दिल्ली की कंपनी के प्रतिनिधि की सूचना पर उनकी टीम के साथ हर्षा कंपाउंड स्थित दो कंपनियों में छापा मारा था। यहां कंपनी के स्टीकर लगे नकली स्पीकर और एंप्लीफायर बनाए जा रहे थे। पुलिस ने यहां से लाखों का माल बरामद किया। दोनों कंपनियां प्रतीक जैन व अंकित जैन की हैं, जिनके खिलाफ थाना साहिबाबाद में रिपोर्ट दर्ज कर नोटिस दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## संपादकीय

# स्वस्थ मन से स्वस्थ तन

पुरानी कहावत है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है, पर यह एक पहलू है। दूसरा पहलू यह है कि स्वस्थ मन से स्वस्थ शरीर का निर्माण संभव है। तन और मन का संबंध पारस्परिक है। दानों की निर्भरता एक -दूसरे से जुड़ी है। अत: स्वास्थ्य एक समग्र तत्व है। इसकी प्राप्ति के लिए हमें समग्रता में सोचना चाहिए। तन और मन का गहरा संबंध है। एक स्वस्थ तो दूसरा भी स्वस्थ। एक बीमार, तो दूसरा भी बीमार। दोनों की स्वस्थता एक दूसरे पर निर्भर है। स्थानांग सूत्र में यह बात प्रमुखता से कही गई है कि विचारों और भावनाओं से मानव का स्वास्थ्य बहुत अधिक प्रभावित होता है। अच्छे स्वास्थ्य का अर्थ सिर्फ अच्छा भोजन और एक नियमित दिनचर्या अपनाना भर नहीं है। स्वस्थ मनुष्य वह है जो अपनी शुद्ध प्रकृति में स्थिर होता है। यानी स्वस्थ वह है जो शरीर से ही नहीं, विचारों से भी स्वस्थ है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है - यह अधूरा सत्य है। इसके साथ यह भी जोड़ जाना चाहिए, स्वस्थ मन से स्वस्थ शरीर का निर्माण होता है। वैसे तो आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अद्भुत विकास हुआ है। उसकी सफलताओं और उपलब्धियों पर सभी दांतों तले अंगुलियां दबाते हैं, पर इसके बावजूद दुनिया में बीमार लोगों की कोई कमी नहीं दिखती। नये से नये रोग भी जन्म लेते दिखाई देते हैं। असल में जब तक मानसिक विचारों और भावनाओं में संतुलन नहीं कायम होता और शांति का वातावरण नहीं बनता, तब तक स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। सच तो यह है कि रोग से भी अधिक हम रोग की चिंता से रोगी और दुर्बल बनते हैं। इसलिए जरूरी यह है कि जब भी शरीर पर रोग का आक्रमण हो, हमें विचारों के स्वास्थ्य और उनके संतुलन पर विशेष ध्यान देना चाहिए। चिंता और भय की तरह क्रोध का भावावेश भी स्वास्थ्य का शत्रु है। दो दिन के ज्वर से जितनी शक्ति नष्ट होती है, तीव्र क्रोध के दो क्षण में उतनी शक्ति नष्ट होती है। क्रोध से रक्तचाप की वृद्धि के साथ हृदय रोग का खतरा भी होता है। इसी तरह भय और भावना से भी स्वास्थ्य बहुत प्रभावित होता है। उसके प्रभाव से अनेक व्यक्ति पागल और रोगी तक बन जाते हैं। स्वास्थ्य पर विचारों के इतने गहरे प्रभाव को देखते हुए कहा जा सकता है कि स्वस्थ जीवन के लिए इलाज और दवा के साथ-साथ विचारों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना चाहिए, तभी आप खुद को स्वस्थ रख सकते हैं। इसे आप एक उदाहरण से समझ सकते हैं। एक बार अमेरिका के कृषि मंत्री एंडरसन को दिल की बीमारी हो गयी। कई दिनों की चिकित्सा के बाद भी उनके स्वास्थ्य में सुधार नहीं हुआ। एक दिन अस्पताल में ही उन्होंने एक पुस्तक पढ़ी जिसमें लिखा था- दिल की बीमारी को दिमाग पर हावी नहीं होने देना चाहिए। यह वाक्य उनके जीवन का मंत्र बन गया। उसी क्षण उन्होंने दिमाग से रोग की चिंता को दूर कर लिया। परिणाम यह निकला कि थोड़े ही समय में वह बिल्कुल स्वस्थ हो गये। मन से अच्छा महसूस करते हुए रोग की चिकित्सा करने के इस उपाय को फेथ - हीलिंग कहते हैं। इस तरह का इलाज आस्था और भावना द्वारा की जानेवाली चिकित्सा का ही रूप है। भौतिक चिकित्सा का उपयोग करते हुए भी हमें आध्यात्मिक चिकित्सा का प्रयोग करना चाहिए। जैन परंपरा में ऐसे अनेक मुनियों के उदाहरण हैं, जिनके आधार पर आस्था और भावना द्वारा चिकित्सा की विधि का और अधिक विकास हो सकता है।

# चांद-सितारे अब दूर नहीं

स्टार चार्ट- आइओएस और एंड्रॉयड यूजर्स के लिए बना यह मजेदार एप्प पृथ्वी के चारों ओर मौजूद तारों और ग्रहों की स्थिति को स्पष्ट करता है। अगर आपको किसी तारे के बारे में ज्यादा जानकारी हासिल करनी हो, तो आपको उस तारे पर प्वाइंट करना होगा। इसके टाइमशिफ्ट फीचर की मदद से आप 10 हजार वर्ष पीछे या आगे के आकाश को भी देख सकते हैं।
इएक्सओ प्लेनेट- आइपैड के लिए बना यह एप्प ग्रहों की 3डी पोजीशन दर्शा सकता है। यह सभी ग्रहों का अपडेट डाटा पेश करने का काम करता है। नये ग्रह की खोज होने पर पुश नोटिफिकेशन भी आपको भेजा जाता है। यह एप्प कई ग्रहों की वास्तविक तसवीर भी दर्शाता है। यह सचमुच बहुत मजेदार है।
गो स्काइवॉच प्लेनेटोरियम- अपने आइपैड में इस एप्प को इंस्टॉल करें और आइपैड को आकाश की तरफ ले जाएं। यह आपको तारे, ग्रह और तारामंडलों के बारे में जानकारी देने लगेगा। यह एप्प विशेष रूप से अनआइडेंटिफाइ ऑब्जेक्ट से संबंधित जानकारी भी मुहैया करवाता है। स्काई ओआरबी- आइपैड के लिए तैयार किये गये इस एप्प में बिल्ट इन सर्च इंजन, सन क्लॉक, वेदर फोरकास्ट और डिजिटल कंपास है। यह एप 3डी स्काइ रेडरिंग और 3डी प्लेनेटोरियम पेश करता है।
प्लेनेट- आइपैड के लिए बने इस एप्प की मदद से आप 2डी और 3डी में सोलर सिस्टम को देख सकते हैं। 2डी में ग्रह सपाट नजर आते हैं। जबकि 3डी मोड में आपको प्लेनेटोरियम जैसा नजारा देखने को मिलता है। यह आपकी लोकेशन के हिसाब से बताता है कि आपकी स्काइलाइन में यह ग्रह कब नजर आयेंगे। तो देर किस बात की, आज ही डाउनलोड करें।

# 14 जनवरी 2025 का पंचांग






सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.57 सायं
सूर्य राशि- प्रात- 08.55 उपरांत मकर राशि में।
चंद्र उदय- 06.28 सायंकाल
चंद्र अस्त- 08.19 प्रात-
चंद्रमा- कर्क राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-15 पूर्णिमांत महीना माघ-01, पक्ष- कृष्ण 01, तिथि-प्रतिपदा प्रात-पुर्नवसु प्रात- 10.17 तक बाद में पुष्य, योग-विषकुम्भ प्रात- 02.58 तक बाद में प्रीति, करण-बालव दोपहर- 03.34 तक बाद में कौलव प्रात- 03.21 तक बाद में तैतिल,
राहु काल दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.14 से 12.57 तक दुमुहूर्त दोपहर- 09.23 से 10.05 तक व रात्रि- 11.16 से 12.09 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.38 से 06.25 तक।

## आज 14 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष-मन में जोश रहेगा, मकान बनाने के लिए धन जुड़ेगा, विदेश से भारत आना सम्भव है। पारिवारिक मसले अधिक पेचीदा होंगे,वाहन में पैसा लगेगा।
भाग्य प्रतिशत-61

वृषभ- पत्नी के साथ टूर पर जा सकते है, लोगों से मिलने जुलने से आनंद आएगा, माँ के लिए दवा खरीद सकते है, एफडी का लाभ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-68

मिथुन- पैसा सोच समझकर खर्च करें, उतावलापन ना करे, झूठ ना बोले बना बनाया काम बिगड़ सकता है, धन फिर भी कमा लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-53

कर्क- प्रेम समबन्ध की चाह बढ़ेगी, विज्ञान के क्षेत्र में है तो अपने ज्ञान को बढ़ाए, रूठे हुए रिश्तेदारों से मिलना मिलाना हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-55

सिंह- संतान का करियर प्रगति करेगा, आर्थिक मोर्चे पर ध्यान देने की जरूरत है, किसी धनाढ्य घर में रिश्ता कर रहे है तो प्रभावित ना हो अपना स्तर भी देखे।
भाग्य प्रतिशत-56

कन्या- कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठा बढ़ेगी, लोगों को अपनी सफ़लता बता सकेंगे, जीवन में सुख भी बढ़ेगा, छोटे भी है तो बढ़े की तरह फर्ज निभाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-70

तुला- नौकरी में अस्थाई है तो स्थाई हो सकते है, चांदी, आयुर्वेदिक दवा, औषधि कार्य में अच्छा लाभ होगा, मेटरनीटी होम में मरीज बढ़ेंगे।
भाग्य प्रतिशत-78

वृश्चिक- परिवार से कोई मतभेद है तो सुलह होगी,अर्ध सरकारी कार्य से जुड़े है तो काम के साथ एडवान्स पैसा भी मिलेगा, एमबीए करें तो आगे करियर अच्छा रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-70

धनु- विवाह तय हुआ है तो धन की कमी नहीं होगी, आध्यात्मिक यात्रा सुखद रहेगी, नई विचारधारा के व्यक्ति से जुड़ना होगा समबन्ध मजबूत होंगे।
भाग्य प्रतिशत-79

मकर- स्वास्थ्य में सुधार करें, दिनचर्या ठीक करें, विवाह चलने एवं करने में मुश्किल आ सकती है, पब्लिशिंग कार्य चलेगा, मेहनत बढ़ाए।
भाग्य प्रतिशत-53

कुम्भ- फैशन के क्षेत्र में पढ़ाई का प्लान बनेगा, हड्डी रोग विशेषज्ञ की प्रैक्टिस उत्तम चलेगी, ट्रेजरी, कफ जनित रोग, पाइल्स समस्या का ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-61

मीन- झगडे झंझट में पैसा खर्च हो सकता है, बैंक कार्य में परेशानी सम्भव है, संतान परीक्षा देते समय बीमार पड़ सकती है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-50

# शहनाज से रवीना तक, सेलेब्स ने फैंस को दी लोहड़ी की लख-लख बधाई

मुंबई । खुशियों और नई फसल से जुड़े त्योहार लोहड़ी को सोमवार को देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। फिल्म इंडस्ट्री के तमाम सितारों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर प्रशंसकों को लोहड़ी की ढेरों बधाई दी। बधाई देने वाले सितारों की लिस्ट में रवीना टंडन, भाग्यश्री, शहनाज गिल समेत अन्य का नाम शामिल है। शहनाज गिल, रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी के साथ ही रवीना टंडन, भाग्यश्री, सुनील शेट्टी समेत अन्य सितारों ने प्रशंसकों को शुभकामनाएं देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और उन्हें लख-लख बधाइयां दी। सोशल मीडिया पर एक्टिव अभिनेत्री रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम पर जश्न की वीडियो और तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां। शेयर की गई तस्वीरों में रवीना अलाव जलाती और भांगड़े की थाप पर थिरकती नजर आईं। तस्वीरों में अभिनेत्री के साथ भाग्यश्री भी नजर आईं। इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए अभिनेत्री भाग्यश्री ने कैप्शन में लिखा, लोहड़ी दी लख-लख बधाइयां! कितना नाचे, कितनी पानीपुरी खाई, कितनी खुशियां बटोरी। ढोल ताशे, गुड़ बताशे। सरसों दा साग और मक्की दी रोटी, आपका साथ हमेशा मजेदार। पंजाब की कैटरीना कैफ के नाम से मशहूर अभिनेत्री शहनाज गिल ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, लोहड़ी की अलाव आपके जीवन में रोशनी, खुशियां, समृद्धि और गर्मजोशी लेकर आए। आप सभी को लोहड़ी की ढेरों शुभकामनाएं। अभिनेता सुनील शेट्टी ने बधाई देते हुए लिखा, ''चलिए एक-दूजे के साथ साल की नई शुरुआत और फसल के नए मौसम का त्योहार मनाएं। अभिनेत्री रकुल प्रीत ने फैंस को बधाई देते हुए इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, ''आप सभी को और आपके परिवार को लोहड़ी की ढेरों शुभकामनाएं। लोहड़ी का अलाव आपके जीवन में गर्मजोशी और समृद्धि लाए, रेवड़ी (मिठाई) जिंदगी में मिठास लाए और डांस (भांगड़ा) खुशियां लाए। जैकी भगनानी ने लिखा, ''आप सभी को लोहड़ी की ढेरों बधाई, यह त्योहार आपके जिंदगी में खुशियां और समृद्धि लाए।

# थाईलैंड वेकेशन से तस्वीरें और वीडियो शेयर किया आलिया ने



मुंबई । हाल ही में अभिनेत्री आलिया भट्ट ने अपने थाईलैंड वेकेशन से नई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर साझा की हैं, जो उनके फैंस के बीच तेजी से वायरल हो रही हैं। आलिया अपने पूरे परिवार के साथ थाईलैंड में छुट्टियां मना रही थीं, जहां से उन्होंने कई यादगार लम्हे कैमरे में कैद किए। तस्वीरों में आलिया को वाटर स्पोर्ट्स का मजा लेते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने इस दौरान ग्रे टैंक टॉप और रेड शॉर्ट्स पहन रखा था, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं। बिना मेकअप के भी आलिया का चेहरा चमक रहा था, और सूरज की तपिश के बावजूद उनकी त्वचा पर खास नूर नजर आ रहा था। इसके अलावा, आलिया ने अपने वेकेशन के दौरान ब्लैक स्विमसूट में भी अपनी तस्वीरें साझा कीं। यह स्विमसूट हुंजा जी ब्रांड का था, जिसमें डीप गोल नेकलाइन और सफेद पाइपिंग वाली स्लीव्स थीं। आलिया ने अपने गीले बालों और सिर पर चश्मा लगाए किलर लुक के साथ तस्वीरें खिंचवाईं, जिसने फैंस का दिल जीत लिया। आलिया ने इन तस्वीरों के साथ एक मजेदार कैप्शन लिखा, अगर आपने बीच की तस्वीर पोस्ट नहीं की तो इसका मतलब है कि क्या आप छुट्टी पर गए भी थे? इसके साथ ही उन्होंने थाईलैंड के उस खूबसूरत रिसॉर्ट को धन्यवाद दिया, जहां वे ठहरी थीं। उन्होंने लिखा, एनिथाइलेंड यादों के लिए धन्यवाद... और इस टैन के लिए भी। आलिया की ये तस्वीरें और वीडियो न केवल उनके वेकेशन का मजा बयां करती हैं, बल्कि यह भी साबित करती हैं कि वह हर लुक में बेमिसाल लगती हैं। फैंस उनकी इन झलकियों पर दिल खोलकर प्यार बरसा रहे हैं। बता दें कि अदाकारी के साथ-साथ अभिनेत्री आलिया भट्ट अपने स्टाइलिश अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं।

# भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को 116 रनों से हराया



राजकोट । जेमिमाह रॉड्रिग्स (102), हरलीन देओल (89), कप्तान स्मृति मंधाना (73), प्रतिका रावल (67) की शानदार बल्लेबाजी के बाद दीप्ति शर्मा(तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 116 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 370 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने आठवें ही ओवर में कप्तान गैबी लुईस (12) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने सारा फोर्ब्स के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 21वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने सारा फोर्ब्स (38) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 27वें ओवर में प्रिया मिश्रा ने ऑर्ला प्रेंडरगस्ट (तीन) को आउट किया। 41वें ओवर में शतक की ओर बढ़ रही क्रिस्टिना कुल्टर रीली को तितास साधु ने बोल्ड कर पवेलियन भेजा। क्रिस्टिना कुल्टर रीली ने 113 गेंदों में 10 चौके लगाते हुए (80) रनों की जूझारु पारी खेली। 42वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने लॉरा डेलेनी (32) को पगबाधा आउट किया। अवा कैनिंग (11) को प्रिया मिश्रा ने आउट किया। ली पॉल (27) और जॉर्जिना डेम्पसी (छह) रन बनाकर नाबाद रही। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे आयरलैंड की टीम निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 254 रन ही बना सकी और 116 रनों से मुकाबला हार गई। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा को तीन विकेट मिले। प्रिया मिश्रा ने दो विकेट लिये। तितास साधु और सायली सातघरे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की स्मृति मंधाना और प्रतिका रावल की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लबाजी करते हुए पहले विकेट के लिए 156 रन जोड़े। 19वें ओवर में ऑर्ला प्रेंडरगस्ट ने स्मृति मंधाना को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना ने 54 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए (73) रन बनाये। अगले ही ओवर में जॉर्जिना डेम्पसी ने प्रतिका रावल को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रावल ने 61 गेंदों में आठ चौके और एक छक्का लगाते हुए (67) रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल और जेमिमाह रॉड्रिग्स की जोड़ी ने एक बार फिर आयरलैंड के गेंदबाजों की धुनाई शुरु कर दी। 48 वें ओवर में आर्लीन केली ने हरलीन देओल को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हरलीन देओल ने 84 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए (89)रन बनाये। वहीं जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 91 गेंदों में 12 चौके लगाते हुये (102) रनों की शतकीय पारी खेली। ऋचा घोष (10) रन बनाकर आउट हुई। भारत ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 370 रनों बनाकर एकदिवसीय में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से ऑर्ला प्रेंडरगस्ट और आर्लीन केली ने दो-दो विकेट लिये।
जॉर्जिना डेम्पसी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# इरा जाधव ने तूफानी बल्लेबाजी कर बनाया नाबाद 346 रनों का रिकार्ड



नई दिल्ली । मुंबई की इरा जाधव ने 157 गेंदों पर 42 चौकों और 16 छक्कों की मदद से नाबाद 346 रन बनाकर महिला अंडर-19 वनडे ट्रॉफी के इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर दर्ज करके इतिहास रच दिया. रविवार को अलूर क्रिकेट ग्राउंड पर मेघालय के खिलाफ़ खेलते हुए इरा जाधव ने 220.38 की स्ट्राइक रेट से गेंद को हिट किया 14 साल की इरा जाधव अब अंडर-19 क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय बन गईं हैं. जाधव ने किसी भारतीय द्वारा अंडर-19 में सर्वोच्च स्कोर बनाने का स्मृति मंधाना का आयु-समूह रिकॉर्ड भी तोड़ दिया क्योंकि वह बीसीसीआई द्वारा आयोजित किसी भी सीमित ओवर के टूर्नामेंट में तिहरा शतक बनाने वाली पहली भारतीय (पुरुष या महिला) बन गईं. उनके तिहरे शतक की बदौलत मुंबई ने 50 ओवरों में 3 विकेट पर 563 रन का विशाल स्कोर बनाया, जो सभी टूर्नामेंटों और आयु समूहों में किसी भी भारतीय महिला घरेलू टीम द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है महिला अंडर-19 मैच में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का समग्र रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका की लिजेल ली के नाम है, जिन्होंने 2010 में केई के खिलाफ मपुमलांगा के लिए नाबाद 427 रन बनाए थे. पारी की शुरुआत करते हुए जाधव ने कप्तान हर्ले गाला के साथ दूसरे विकेट के लिए 274 रनों की साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने 79 गेंदों पर 116 रन बनाए. उन्होंने 71 गेंदों पर 149 रनों का योगदान दिया. इसके बाद उन्होंने दीक्षा पवार के साथ 186 रनों की साझेदारी की, जिसमें जाधव ने सिर्फ 50 गेंदों पर 137 रन बनाए. मेघालय के गेंदबाजों ने आक्रमण के सामने संघर्ष किया, जिसमें तीन गेंदबाजों ने 100 से अधिक रन दिए दिसंबर में, जाधव ने डब्लूपीएल 2025 नीलामी पूल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रवेश किया, उनके साथ क्रमश: 13 और 14 साल की अंशु नागर भी शामिल थीं. अपनी प्रतिभा के बावजूद, इरा पिछली महिला प्रीमियर लीग नीलामी में नहीं बिक पाई थीं. सचिन तेंदुलकर, विनोद कांबली और अजीत अगरकर जैसे क्रिकेट दिग्गजों के अल्मा मेटर- शारदाश्रम विद्यामंदिर इंटरनेशनल स्कूल की छात्र - जाधव को मलेशिया की यात्रा के लिए तैयार भारत की अंडर 19 टी20 विश्व कप टीम के लिए स्टैंडबाय में नामित किया गया था. उन्हें हालांकि मलेशिया में होने वाले टूर्नामेंट के लिए भारत की अंडर-19 टी20 विश्व कप टीम के 'स्टैंडबाय' में शामिल किया गया है.

# खुलते ही भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स 800 अंक गिरा निफ्टी 23,200 से नीचे फिसला



मुंबई । वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों की वजह से सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू शेयर बाजार ने बड़ी गिरावट लेकर शुरुआत की है। महंगाई के आंकड़ों, कमजोर ग्लोबल संकेतों और दिसंबर तिमाही के नतीजों को लेकर अनिश्चितता की वजह से बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 843.67 अंक गिरकर 76,535.24 और निफ्टी 258.8 अंक गिरकर 23,172.70 अंक पर कारोबार कर रहा था। वहीं वैश्विक बाजारों में मिलेजुले रुख के बावजूद आईटी शेयरों में तेजी देखी गई, लेकिन घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को बढ़त के साथ 77,682 अंक पर खुला था। हालांकि, कारोबार के दौरान यह 600 अंक तक गिर गया। अंत में सेंसेक्स 241.30 अंक की गिरावट के साथ 77,378.91 पर बंद हुआ। निफ्टी50 ने भी बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन थोड़ी देर में ही लाल निशान में आ गया। अंत में निफ्टी 95 अंक गिरकर 23,431 पर बंद हुआ। वहीं एशिया-प्रशांत के बाजारों ने हफ्ते की शुरुआत कमजोर की है। शुक्रवार को आए मजबूत अमेरिकी जॉब डेटा के बाद फेडरल रिजर्व द्वारा जल्दी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें कम हो गईं। ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.84 फीसदी गिरा और कोरिया का कोस्पी भी 0.4 फीसदी की गिरावट पर है। जापान के बाजार सोमवार को छुट्टी के कारण बंद रहे। अमेरिका में शुक्रवार को शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज हुई। डाओ जोंस और नेस्डेक गिरावट के साथ बंद हुए। दिसंबर में अमेरिका में 2,56,000 नई नौकरियां जुड़ीं, जो 1,55,000 के अनुमान से कहीं ज्यादा थीं। बेरोजगारी दर भी घटकर 4.1 फीसदी रही। इस मजबूत जॉब डेटा के चलते ट्रेजरी यील्ड बढ़ी और 10-वर्षीय ट्रेजरी यील्ड 2023 के अंत के बाद अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई।

# रुपया 27 पैसे टूटकर 86.31 डॉलर पर

मुंबई । रुपये में गिरावट का सिलसिला लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा और अस्थिर वैश्विक संकेतों के बीच मजबूत अमेरिकी मुद्रा के कारण वह 27 पैसे टूटकर 86.31 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की कीमतों में रिकॉर्ड उछाल, विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी तथा घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के कारण भी स्थानीय मुद्रा पर दबाव रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.12 प्रति डॉलर पर खुला। शुरुआती सौदों के बाद डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर 86.31 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की भारी गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 18 पैसे टूटकर 86.04 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.72 पर रहा।

# सप्ताह के पहले दिन सोना हुआ महंगा, चांदी में आई गिरावट

## सोना 78,584 रुपए प्रति दस ग्राम, चांदी 92,161 रुपए पर




नई दिल्ली । बीते सप्ताह सोने-चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहने बाद सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने की कीमत में तेजी आई है। चांदी में 0.37 फीसदी की गिरावट। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.27 फीसदी की तेजी के साथ 78,584 रुपए जबकि चांदी 92,161 रुपए पर कारोबार कर रही है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 250 रुपए बढ़कर 80,550 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। रुपए के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद फुटकर विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली के साथ सोने के दाम में तेजी आई। पिछले सत्र में सोने की कीमत 80,300 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, शुक्रवार को चांदी 93,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 250 रुपए बढ़कर 80,150 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया। बीते साल सोने का भाव 20.22 फीसदी बढ़ा। वहीं चांदी की कीमत में 17.19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। 1 जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। वहीं इस दौरान एक किलो चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## जिला कारागार बुलन्दशहर में निरूद्ध पुरूष एवं महिला बंदियों के कल्याण एवं उत्थान के अन्तर्गत कार्यक्रम संचालित किया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुलंदशहर में लोहड़ी एवं आगामी मकर संक्रान्ति के पावन पर्व के अवसर पर इंडिया विजन फाउंडेशन नई दिल्ली एवं फैब एसेंशियल के द्वारा जिला कारागार बुलन्दशहर में निरूद्ध पुरूष एवं महिला बंदियों के कल्याण एवं उत्थान के अन्तर्गत कार्यक्रम संचालित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिला बंदियों को 100 नग हाइजीन किट (टूथपेस्ट, कंघा, नहाने एवं कपड़े धोने का साबुन, तेल, टूथब्रश) 100 नग लेडीज हवाई चप्पले, 50 नग ऊनी मोजे, 300 नग अंतर्वस्त्र, 50 नग ऊनी कम्बल वितरित किये गये तथा पुरूष बंदियों को 100 नग हाइजीन किट वितरित की गई।

## विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने पुल निर्माण कार्यो का शुभारम्भ किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस सैय्यद मजहर

बुलन्दशहर। सिकंदराबाद सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विधानसभा क्षेत्र सिकंदराबाद स्थित मांट शाखा नहर पर क्रॉस रैगुलेटर व पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने किया। विधानसभा के विभिन्न गांव इनायतपुर, कुटवाया,आजमपुर हुसैनपुर, सुबरा, हिरनौती एवं फतेहपुर में लगभग 9.43 करोड़ की लागत से बन रहे पुल निर्माण कार्यो का शुभारम्भ किया। विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने कहा कि विकास ही हमारी प्राथमिकता है और विकास के लिए मेरे द्वारा कभी भी भेदभाव नहीं बरती गई है। इसका परिणाम है कि सिकन्द्राबाद विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को पक्की संपर्क सडक से जोड़ने के साथ ही साथ बिजली पानी की समुचित व्यवस्था कराई गई है। इस अवसर राकेश त्यागी सिंचाई विभाग एस डी ओ, इनायतपुर प्रधान अमर सिंह,मंडल अध्यक्ष ललित भाटी, सुभाष भाटी, विकाश चौधरी धनौरा प्रधान, संजय प्रधान फतेहपुर जादौन पूर्व प्रधान इनायतपुर, शिशपाल सिंह, सोनु शर्मा,अरुण प्रजापति, सुमित,अंकित जादौन आदि क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एसडीएम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा कृषि कानून की प्रतिया जलाकर विरोध प्रदर्शन किया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर संयुक्त किसान मोर्चा व भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय आव्हान पर जिला बुलन्दशहर की समस्त तहसीलों पर कृषि कानून की प्रति जलाई गई शिकारपुर तहसील में एसडीएम कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा कृषि कानून की प्रतिया जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया भारत सरकार द्वारा पूर्व में किसानों को कृषि कानून निरस्त करने को झूठा आश्वासन देकर किसानों के साथ खिलवाड़ किया है भारत सरकार कृषि कानूनों को जल्द से जल्द निरस्त कर किसानों के हित में कार्य करें इस मौके पर लीलू प्रधान, कुलदीप चौधरी जलालपुर करीरा वाले, सत्ते प्रधान, कुलदीप, अंकित, रवि, गजेन्द्र फौजी, सचिन, रामराज, सहित काफी किसान मौजूद रहे ।

## स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के सूरजभान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानंद की जयंती का कार्यक्रम युवा दिवस के रूप में मनाया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह एवं मुख्य वक्ता खुर्जा जिला प्रचारक नेपाल सिंह एवं खंड कारवाह अनिल कुमार रहे मुख्य वक्ता ने बताया स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता के कायस्थ परिवार में हुआ था उनका बचपन का नाम नरेंद्रनाथदत्त था स्वामी विवेकानंद बचपन से ही प्रतिभाशाली थे तथा उन्होंने रामकृष्ण मठ रामकृष्ण मिशन और वेदांग समिति की नाम राखी 1893 में अमेरिका की शिकागो में हुए विश्व धार्मिक सम्मेलन में उन्होंने भारत और हिंदुत्व का प्रतिनिधित्व किया था हिंदुओं को लेकर उन्होंने जो व्याख्या दुनिया के सामने रखी उसकी वजह से इस धर्म को लेकर काफी आकर्षण बढा स्वामी विवेकानंद 25 वर्ष की अल्पायु में ही सन्यासी रूप धारण कर लिया विवेकानंद जी 1881 ईस्वी में अपने गुरु रामकृष्ण परमहंस से काली मन्दिर में मिले और तभी से उनके संपर्क में आकर धर्म प्रचार में संलग्न हो गए इस मौके पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

## आजाद पब्लिक स्कूल बुलंदशहर में लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लासपूर्ण के साथ मनाया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। बुलंदशहर में आज़ाद पब्लिक स्कूल बुलंदशहर में आज लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रांगण में छात्रों शिक्षकों ने मिलकर इन सांस्कृतिक पर्वों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री वासिक आजाद प्रबंधक श्री शारिक आजाद प्रधानाचार्या श्रीमती शिल्पी सिंह द्वारा पारंपरिक लोहड़ी की मंगल अग्नी जलाई और मक्के के दाने रेबरी मूंगफली आदि अग्नि में डालकर पूजन किया। लोहड़ी की आग के चारों ओर बच्चों ने भांगड़ा और गिद्दा नृत्य प्रस्तुत किया जिसने माहौल को जीवंत कर दिया। मकर संक्रांति के अवसर पर पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने रंग×बिरंगी पतंगें उड़ाकर आसमान को रंगीन कर दिया। विद्यालय ने इस अवसर पर बच्चों को सूर्य उपासना दान और प्रकृति के महत्व की सीख भी दी। विद्यालय के चेयरमैन श्री वासिक आजाद प्रबंधक श्री शारिक आजाद प्रधानाचार्या श्रीमती शिल्पी सिंह ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे त्योहार न केवल हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने का कार्य करते हैं बल्कि बच्चों को एकता और सौहार्द का पाठ भी पढ़ाते हैं। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन को सभी के लिए यादगार बना दिया।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार बुलन्दशहर में आयोजित की गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलन्दशहर। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार बुलन्दशहर में आयोजित की गई। उक्त कार्यशाला में जनपद के युवा उद्यमियों को योजना के सम्बंध में जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत पांच लाख रुपये तक का ऋण बिना गारंटी के उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है, जिसमें पचास हजार रुपये तक की सब्सिडी तथा चार वर्षों तक ब्याज सरकार द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। योजनान्तर्गत लाभार्थी की आयु 21 से 40 वर्ष होनी चाहिए।

जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह द्वारा कार्यशाला में उपस्थित उद्यमियों से अनुरोध किया गया कि वह अपना तथा अपनी जानकारी में योजनान्तर्गत आवेदन कराकर लाभ प्राप्त करना सुनिश्चित करें। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, उपायुक्त उद्योग आशुतोष कुमार, अग्रणी जिला बैंक प्रबन्धक अभिषेक गुप्ता, जिला बैंक कोर्डीनेटर्स, डूडा, राजकीय आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के अधिकारियों के साथ-साथ जनपद के युवाओं द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

## दो महीने से गंदा पानी पी रहे लोग - वार्ड-6 में गंदे पानी की सप्लाई आने से नाराज मौहल्ले वासी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। शिकारपुर नगर के वार्ड-6 में करीब दो महीने से मटमैला और बदबूदार पानी सप्लाई हो रहा है रविवार को भी गंदा पानी सप्लाई हुआ तो लोगों का गुस्सा फूट पड़ा नगर के पैठ चौराहे के निकट नगर पालिका की पानी की बड़ी टंकी है इसके जरिए नगर में पानी की सप्लाई होती है इस टंकी से कई हजार से ज्यादा लोगों की प्यास बुझती है लेकिन गंदा पानी आने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है शुरुआती एक घंटा तो पानी इतना गंदा रहता है कि वह पीना को दूर दैनिक उपयोग लायक भी नहीं होता शिकायत की लेकिन समस्या दूर नहीं हुई वार्ड नम्बर 6 के सोनू कुमार, ने बताया-पिछले दो महीने से गंदा पानी आ रहा है इस कारण वार्डवासी परेशान हो रहे है इस सम्बन्ध में नगर पालिका के अधिकारियों से भी शिकायत की गई लेकिन समस्या दूर नहीं हुई यदि टंकी की सफाई हो जाती है तो काफी हद तक राहत मिल सकती है और वार्ड में टूटी पड़ी पाइपलाइन को सही करवा दिया जाये तो पानी बिल्कुल साफ आयेगा वार्ड नम्बर 6 में गंदे पानी की सप्लाई होने से वार्ड वासियों ने रविवार को नाराजगी जताई जब इस सम्बन्ध में शिकारपुर नगर पालिका ईओ नीतू सिंह, से जानकारी करी तो उन्होंने बताया कि वार्ड 6 में गंदा पानी आ रहा है तो ये बहुत गलत है और पानी की पाइपलाइन को चेक कराया जायेगा और नगर के लोगों को साफ पानी मिलेगा वहीं जब इस सम्बन्ध में वार्ड नम्बर 6 के सभासद पति से फोन पर बात करनी चाही तो सभासद पति ने फोन उठाना उचित नहीं समझा इस मौके पर सुमन, दुर्गा, राजेश, वीरव्रती, खुशी, शिवानी, चमेली, लक्ष्मी, नीरज, बबीता, स्वेता, भारती, नीलम, राहुल, सोनू, अर्जुन, संजय, करन, आदि मौहल्ले वासी मौजूद रहे ।

## दिनेश शर्मा को बजरंग सेना का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सैय्यद मजहर



बुलंदशहर। बुलंदशहर बजरंग सेना संस्थापक पंडित अशोक शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र भय्यु यादव, राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार शर्मा, हवामहल विधायक परम पूज्य 1008 महंत बालमुकुंद आचार्य राष्ट्रीय सरक्षक की सहमति से दिनेश शर्मा जिला अध्यक्ष इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस एवं दैनिक उदय समाचार जिला ब्यूरो चीफ बुलंदशहर एवं दैनिक निष्पक्ष अमन उजाला जिला प्रभारी बुलंदशहर को प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश बजरंग सेना में नियुक्त किया दिनेश शर्मा का बजरंग सेना में प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश के पद पर नियुक्त होने पर पूरे प्रदेश के पदाधिकारियों की ओर से शुभकामनाएं बधाई दी गई राष्ट्रीय महासचिव विजय शर्मा ने बताया कि दिनेश शर्मा कि बजरंग सेना में नियुक्ति होने पर प्रदेश के पत्रकारों में खुशी की लहर है रिशु कुमार पत्रकार का कहना है कि प्रदेश मीडिया प्रभारी दिनेश शर्मा को बनाए जाने पर बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं इंडियन कौंसिल ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन ने दिनेश शर्मा को प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तर प्रदेश बजरंग सेना मैं नियुक्त करने पर सभी पत्रकार साथियों ने फूल माला पहनकर स्वागत किया स्वागत करने वाले अनुज शर्मा पत्रकार जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास राघव जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सोहन पाल सिंह जिला अध्यक्ष रिशु कुमार पत्रकार तहसील अध्यक्ष शिकारपुर लाल सिंह पत्रकार जिला सचिव चंद्रपाल सिंह पत्रकार जिला उपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा पत्रकार जिला सहसचिव नीरज कुमार पत्रकार तहसील अध्यक्ष रविन्द्र प्रकाश गौड़ पत्रकार जिला महामंत्री मनोज कुमार गोयल तहसील अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल जिला सलाहकार अंकित चौधरी तहसील अध्यक्ष अनिल कुमार चौहान जिला अध्यक्ष अलीगढ़ राकेश कुमार जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अलीगढ़ सभी इंडियन कौंसिल ऑफ ऑफ प्रेस पत्रकार संगठन ने दिनेश शर्मा को बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारी आवाज सरकार तक पहुंचाएंगे दिनेश शर्मा द्वारा कहा गया कि मैं प्रदेशवासियों के लिए एवं पत्रकार साथियों के लिए हमेशा कंधे से कंधा कंधा मिलाकर चलूंगा मुझे कोई भी साथी एवं कभी भी फोन करके संपर्क कर सकते हैं मैं 24 घंटा सभी के साथ खड़ा हूं

## बुलंदशहर में कार नहर में गिरी, युवक का शव बरामद

बुलंदशहर । उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक कार के वलीपुरा नहर में गिरने के छठे दिन पुलिस ने उसमें सवार एक युवक का शव बरामद किया है। एक पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आठ जनवरी की रात को हुए इस घटना में लापता दो लोगों में से एक का शव सोमवार को खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में मूंडाखेड़ा नहर से बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे व्यक्ति की तलाश जारी है। अधिकारी के मुताबिक, सोमवार को जिस व्यक्ति का शव बरामद किया गया, उसकी पहचान कोतवाली नगर क्षेत्र के आनंद विहार निवासी अर्पित शर्मा (29) के रूप में हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने बताया, आठ जनवरी की रात को एक स्विफ्ट कार कोतवाली नगर क्षेत्र में वलीपुरा नहर में गिर गई थी, जिसमें दो युवक सवार थे। एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल), एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीमों और स्थानीय गोताखोरों की मदद से लगातार तलाश एवं बचाव अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया, आज सुबह हमें सूचना मिली कि खुर्जा नगर क्षेत्र में एक शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है कुमार के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए हैं और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। प्रथम दृष्टया ऐसे प्रतीत होता है कि कार दुर्घटनावश नहर में गिर गई। घटना के बाद लापता दूसरे युवक अनिरुद्ध की तलाश जारी है।

## मेघ सिंह की शिकायत पर ग्राम प्रधान एवं सचिव के विरुद्ध जिला पंचायत राज अधिकारी ने की जांच शुरू

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर। जनपद के अनेक गांवों के प्रधान एवं सचिव द्वारा गांव में किए जा रहे कार्य, परंतु कुछ कार्यों में अनियमित की शिकायत भी सामने आ रही। जिसकी उच्च अधिकारी द्वारा जांच कर विभागीय कार्यवाही होती आ रही। ऐसा ही एक मामला खुर्जा क्षेत्र में देखने को मिला है। जहां मेघ सिंह द्वारा ग्राम प्रधान एवं सचिव के द्वारा ग्राम पंचायत किर्रा में किए गए कार्य जांच कराने की शिकायत जिला अधिकारी कार्यालय में की गई जिस प्रार्थना पत्र पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा जांच प्रारंभ कर दी गई है। बता दें कि मेघ सिंह पुत्र हरकिशन सिंह निवासी गांव पंचायत किर्रा विकास खंड खुर्जा द्वारा जिला अधिकारी कार्यालय में गांव प्रधान एवं सचिव के द्वारा किए गए कार्यों में अनियमित बरतने की शिकायत की गई जिसमें कार्रवाई करने की मांग रखी। शिकायती प्रार्थना पत्र पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कार्यवाही करते हुए संबंधित प्रकरण में जांच बैठा दी गई जिसमें सहायक विकास अधिकारी दानपुर एवं विनय कुमार अवर अभियंता को जांच अधिकारी बनाया गया जिन्हें यह निर्देश दिया गया कि प्रकरण की स्थलीय अभिलेखों जांच 07 दिन में करते हुए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आपके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी बुलंदशहर द्वारा जिसकी प्रतिलिपि मेघ सिंह सहित मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला अधिकारी को भेजी गई।

जिससे कोई भी अनियमित पाए जाने पर कार्यवाही को शीघ्र सुनिश्चित किया जाए। अब देखना यह होगा कि संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्र पर की गई जांच पर क्या कार्रवाई की जाती है ग्राम प्रधान एवं सचिव पर कार्यवाही की जाएगी या नहीं सोचने का विषय? या बस खाना पूर्ति कर शिकायती प्रार्थना पत्र पर की गई कार्रवाई को दबा दिया जाएगा।

## किसानों ने अधिकारियों का घेराव कर भुगतान कराए जाने की मांग की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बकाया गन्ना भुगतान की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत ने सोमवार को गन्ना विकास विभाग कार्यालय में किसानों ने धरना दिया। अधिकारियों का घेराव कर भुगतान कराए जाने की मांग की। मिल अधिकारियों ने जल्द भुगतान का शेड्यूल देने का आश्वासन दिया। कहा कि मांग पूरी नहीं होने पर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को काफी संख्या में मिल क्षेत्र के किसान एकत्र हो ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर सैकड़ों किसान जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर के कार्यालय में पहुंचे, जहां पर किसानों ने धरना शुरू किया। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष चौ0 पवन तेवतिया ने कहा कि रघुनाथपुर मिल काफी समय से अपनी मनमानी कर रहा है। सरकार के बकाया भुगतान करने के निर्देश जारी कर रखे है, लेकिन रघुनाथपुर मिल तीन साल का भुगतान रोक कर चलता है। इस बात को लेकर किसानों में काफी आक्रोश है। मिल पर हाल में भी लगभग 12 करोड़ों रुपये गन्ना भुगतान के बकाया है। किसान कई बार मिल से भुगतान की मांग कर चुके है, लेकिन मिल भुगतान नहीं कर रहा है। वही किसान नेता चौ0 पवन तेवतिया ने बताया कि रघुनाथपुर मिल जनपद हापुड़ क्षेत्र में आती है वह पहले हापुड़ जनपद के किसानों का पेमेंट करता है। बाद में बुलंदशहर के किसानों को पेमेंट देते है। अगर नहीं बचता है तो बुलंदशहर के किसानों को पेमेंट के लिए आज कल करके लटका दिया जाता है। किसान नेता ने जिला गन्ना अधिकारी से मांग रखी क्ि किसानो का जल्द भुगतान कराया जाए। जनपद बुलंदशहर क्षेत्र के किसानों को बुलंदशहर की शुगर मिल से ही अटैक किया जाए। देवदत्त भाटी राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा भारतीय किसान यूनियन संपूर्ण भारत ने बताया कि किसानो का बकाया भुगतान न होने की वजह से किसानों के सामने समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। जैसे किसानों का भुगतान न होने के कारण किसानों पर बिजली का बिल चढ़ गया है, बच्चों की स्कूल की फीस जमा नही कर पा रहे है। वही किसान सर्दियों में बच्चों के गर्म कपड़े भी नहीं खरीद पा रहा है आदि समस्याओं से किसान लड़ रहा है। किसानों के धरने की सूचना पर जिला गन्ना अधिकारी अनिल कुमार भारती किसानों के बीच पहुंचे। किसानों ने उनसे बकाया भुगतान कराए जाने की मांग की। अधिकारी कुछ स्पष्ट जवाब नहीं दे सके। इस पर किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। किसानों के तेवर देखकर मिल अधिकारी ने जल्द भुगतान कराने का आश्वासन दिया। लेकिन किसान जिला गन्ना अधिकारी की बात से सहमत ना होते हुए जिला गन्ना अधिकारी के कार्यालय में ही अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस मौके पर नवीन, बिट्टू प्रधान, इकबाल चाचा, संजीव, धर्मपाल सिंह, धर्मवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, संजय, अनिल, पहलाद, राकेश कुमार, विकास, योगेश, मनवीर, उपेन्द्र, मनीष, आदि मौजूद रहें। अनिल कुमार भारती जिला गन्ना अधिकारी बुलंदशहर ने कहा कि धरनारत किसानो की समस्याओं से उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। बकाया गन्ना भुगतान हुए तीन गांव की एक गन्ना समिति बनाने आदि किसानो की समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा।

## काशी विश्वनाथ में 11 जनवरी से 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन पर रोक

वाराणसी । प्रयागराज में महाकुंभ की शुरुआत सोमवार से हो गई है। इसके चलते अब श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर प्रशासन भीड़ प्रबंधन के लिए सतर्क हो गया है। इस दौरान 11 जनवरी से महाशिवरात्रि के दो दिन बाद 28 फरवरी तक बाबा के स्पर्श दर्शन पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि काशी विश्वनाथ मंदिर में 11 जनवरी से प्रोटोकॉल लागू है और 28 फरवरी तक स्पर्श दर्शन पूर्णता हर समय प्रतिबंधित किया गया है। मंगला आरती के अतिरिक्त अन्य समस्त आरतियों के टिकट भी नहीं जारी हो रहे हैं। सभी को झांकी दर्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक ही विशिष्ट अनुरोध स्वीकार किए जाएंगे।

विशिष्ट अनुरोध के अंतर्गत भी स्पर्श दर्शन की व्यवस्था नहीं प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कभी श्रद्धालुओं की संख्या कम हुई तो यदि हम कोई विशेष सुविधा श्रद्धालुओं को दे पाते हैं तो उस पर भी निर्णय लिया जाएगा। उस चीज से अवगत कराते हुए आपको सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। अभी जो सामान्य सुविधा बनाई गई है। उसके लिए सभी से अपील है कि इस पर सहयोग करें। महादेव के दर्शन तथा महाकुंभ पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं के धार्मिक अनुभवों को अविस्मरणीय और अभूतपूर्व बनाने में एक अच्छे नागरिक के रूप में व्यवहार करें। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से सहयोग का आग्रह किया है ताकि महाकुंभ को लेकर लागू आयोजन सुचारू रूप से हो संपन्न हो सके और सभी श्रद्धालुओं को दर्शन की सुगम सुविधा मिल सके। महाकुंभ आयोजन के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में पहुंचेंगे, ऐसे में गर्भगृह में किसी भी प्रकार की भीड़ नहीं हो, इसलिए यह निर्णय लिया गया है।

## निर्वाचन आयोग ने वैश्विक स्तर पर अर्जित की प्रशंसा- उपराष्ट्रपति धनखड़



नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वैश्विक स्तर पर प्रशंसा अर्जित करने वाले चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग की सोमवार को सराहना करते हुए कहा कि सर्वश्रेष्ठ हासिल करने के लिए इसकी आलोचना करने की गुंजाइश हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया गया क्योंकि नौकरशाही काफी प्रशिक्षित है और चुनाव प्रणाली सक्रिय और ऊर्जावान है। उनकी टिप्पणी मतदाता सूची में कथित विसंगतियों, मतदाताओं के मतदान डेटा में हेराफेरी के आरोपों और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की प्रभावकारिता को लेकर निर्वाचन आयोग पर किये जा रहे विपक्ष के हमलों की पृष्ठभूमि में आई है। यहां एक पुस्तक विमोचन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, ''हमारे पास एक निर्वाचन आयोग है जिसने काम किया है। और इसने इस तरह से काम किया है कि इसे वैश्विक मान्यता मिल रही है। दुनिया के कई देश चाहते हैं कि उनके चुनावों की निगरानी हमारे चुनाव आयोग द्वारा की जाए।'' उपराष्ट्रपति ने कहा कि निर्वाचन आयोग का सर्वोत्तम प्राप्त करने के लिहाज से इसकी आलोचना करने की ललक हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा, ''लेकिन हम सभी निश्चिंत हैं क्योंकि हमारी नौकरशाही बहुत प्रशिक्षित है। हमारी चुनाव मशीनरी बहुत अधिक सक्रिय और ऊर्जावान है। किसी भी हालात में स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया जा सकता। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने कहा कि लोकतंत्र के अस्तित्व के लिए सक्रिय संसद का होना बेहद आवश्यक है क्योंकि संसद ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की शक्ति प्रदान करती है।

# डीपीएम जल जीवन मिशन ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट सेशन 2 का दूसरा मैच का आयोजन जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में किया गया जिसका उद्घाटन जल जीवन मिशन के डीपीएम हेमंत ने किया जिन्हे तैमूर टीएफसी कैप्टन आशु, कैप्टन मोहसिन खान, कैप्टन शादाब हाजी साजिद ने गुलदस्ता भेट कर स्वागत किया हापुड़ जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर आबिद मेमोरियल सीजन 2. का दूसरा मैच आबिद ब्लू व आबिद ग्रीन के बीच खेला गया,आबिद ब्लू के कप्तान शादाब की टीम ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग ली और 20 ओवर मे 7 विकेट में 191 रन बनाइ आबिद ग्रीन के कप्तान मोहसिन खान की टीम ने 19.5 ओवर में 192 रन बनाते हुए जीत हासिल की कैप्टन आशु, शादाब, मोहसिन जानकारी देते बताएं कि 7 जनवरी से 31 जनवरी तक आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 7 जनवरी से 13, 14, 16, 20, 21 व 31 जनवरी को क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन होगा अब तीसरा मैच 16 जनवरी को होगा इस मौके पर हेमंत डीपीएम जल जीवन मिशन, कैप्टन आशु, तैमूर अली टीएफसी, अफजाल कुरैशी, हाजी साजिद, मो मोहसिन, एडवोकेट मो उमर, शादाब एडवोकेट,काशिफ खान, परवेज अली, आसिफ, नवनीत, सलीम, बुल्टा, मो इमरान, समीर, सलमान, राशिद,साजिद खान,एडएम सिरोही, जैद अंसारी, सैफ अली खान अदनान, नवीन, एनसीआर स्टार फिरोज चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत ने कृषि विपणन ( बाजार ) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा ( फ्रेमवर्क ) अधिनियम प्रतिलिपि जलाकर विरोध जताया






उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रपति राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर कृषि विपणन (बाजार) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा (फ्रेमवर्क)अधिनियम प्रतिलिपि प्रत्येक तहसील पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिलिपि जलाकर विरोध जताया गया। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है आज सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा एवं भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर कृषि विपणन (बाजार) पर राष्ट्रीय नीति ढांचा (फ्रेमवर्क)अधिनियम प्रतिलिपि प्रत्येक तहसील पर जलाकर विरोध जताया गया। इस दौरान तहसील गढ़मुक्तेश्वर अध्यक्ष श्याम त्यागी, सुन्दर सिंह गुर्जर जिला महा सचिव, उमेश राणा ब्लाक अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष अध्यक्ष नवीन तयागी, जिला कार्यकारणी सदस्य अंकित त्यागी, दिलशाद,अहमद, बाबू शर्मा,भीम सिंह, हेमसिह, देवीसरन, तहसील अध्यक्ष ओमवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष विनोद शर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जन्म सिंह तहसील संयोजक पुष्पेंद्र कुमार कोषाध्यक्ष ग्रामीण सुरेंद्र सिंह, युवा जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर त्यागी, जिला महासचिव कुलदीप राठी, जिला संरक्षक प्रेमवीर सिंह,जिला संरक्षक धर्मवीर सिंह मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिलपाल सिंह उर्फ गुजराल, महिला जिला अध्यक्ष, नीलम त्यागी, धौलाना तहसील अध्यक्ष रविंद्र सिंह, फरमान खान सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, हिम्मतपुर ग्राम अध्यक्ष शहाबुद्दीन, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष पण्डित विनोद शर्मा, हापुड़ तहसील अध्यक्ष चौधरी ओमबीर सिंह, साजिद, गढ़मुक्तेश्वर व हापुड़ तहसील और धौलाना तहसील समेत तीनों जगह भाकियू टिकैत के सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

मुरादनगर । थानाक्षेत्र के गांव भदौली में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला का शव कमरे में पंखे से लटकता हुआ मिला। मृतका के पति की चार माह पहले कैंसर से मौत हो चुकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिला बागपत के थाना बालैनी के गांव डोलचा निवासी 27 वर्षीय मोनिका उर्फ अंकिता वाल्मीकि की चार साल पहले मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव धीरज कुमार के साथ शादी हुई थी। चार माह पहले महिला के पति धीरज की कैंसर से मौत हो चुकी है। पति की मौत के बाद महिला अपने दो पुत्रों के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि पति की मौत के बाद से महिला डिप्रेशन में चल रही थी। रविवार रात को महिला अपने दोनों बच्चों के साथ कमरे में सोने के लिए चली गई। सोमवार सुबह नौ बजे महिला ने अपने कमरे से दोनों बच्चों को बाहर निकाल दिया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। इसके बाद बच्चों ने रोने लगे। बच्चे की रोने की आवाज सुन परिजनों मौके पर पहुंचे और कमरे खोलने का प्रयास किया। जब दरवाजा नहीं खोला गया तो उसे तोड़ दिया गया। जब परिजन कमरे के अंदर पहुंचे तो देखा कि महिला पंखे से फंदे पर लटकी हुई थी। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही एसीपी मसूरी सर्किल सिद्वार्थ गौतम व थानाप्रभारी मुकेश सोलंकी घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को नीचे उतारा। पुलिस ने मौत का कारण जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्वार्थ गौतम ने बताया कि अभी तक इस मामले में तहरीर नहीं आई है। प्रथम दृष्यता मामला आत्महत्या कर लग रहा है। पुलिस अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर भी मामले की जांच कर रही है।

# उद्योगपति के घर लूट की घटना में चौथा आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद । कविनगर में उद्योगपति के घर लूट में फरार चौथे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से 3.45 लाख रुपये नकद और चांदी के 47 सिक्के बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि डकैती की रिपोर्ट लूट में बदला जाएगा। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि कविनगर के ए-ब्लॉक निवासी उद्योगपति रामदास गुप्ता ने आठ जनवरी को नौकर चंदन और चार-पांच अज्ञात के खिलाफ डकैती का केस दर्ज कराया था। रामदास गुप्ता का कहना था कि मंगलवार रात नौकर चंदन ने दो साथियों को बुलाकर उनके घर में वारदात करा दी। रामदास गुप्ता का कहना था कि चंदन के दोनों साथियों ने उन्हें चाकू के बल पर बंधक बना लिया और घर में रखा 25 लाख की नगदी और 80 लाख के जेवर लूट कर ले गए। आरोप है कि घटना के वक्त दोनों बदमाश कोठी के बाहर खड़े नौकर चंदन से फोन पर संपर्क में थे। चंदन उन्हें उनके घर की वस्तुस्थिति और अलमारियों के बारे में जानकारी दे रहा था। एसीपी का कहना है कि केस दर्ज करने के बाद कविनगर पुलिस ने 10 जनवरी को आरोपी नौकर चंदन और उसके दो साथियों ओमप्रकाश व सुनील को गिरफ्तार कर साढ़े 10 लाख रुपये और 50 लाख के जेवर बरामद किए थे। आरोपियों ने अपने चौथे साथी के बारे में जानकारी दी थी। जिसके आधार पर फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसीपी का कहना है कि आरोपी की पहचान चंदन कुमार निवासी ग्राम पैता थाना फूलपरास जिला मधुबनी बिहार के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह दिल्ली में काम करता है और वह ओमप्रकाश के बुलावे पर गाजियाबाद पहुंचा था। जहां उसने ओमप्रकाश के साथ मिलकर बुजुर्ग दंपति के साथ वारदात की थी। आरोपी साथियों के पकड़े जाने के बाद वह नगदी और सिक्कों को जंगल में छिपाने की फिराक में था, लेकिन इससे पूर्व ही पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# दो पहिया वाहन चालक को बिना हेलमेट पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेंगा- सीमा सिंह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



सीमा सिंह,
जिला पूर्ति अधिकारी,हापुड़

हापुड़ । परिवहन आयुक्त, सड़क सुरक्षा सेल, उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी सीमा सिंह ने लोगों को अवगत कराया गया है कि सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु एवं घायलों की संख्या में वृद्धि के प्रति भारत सरकार द्वारा गंभीर चिंता व्यक्त की गयी है।

हाल ही में हुई राज्य सुरक्षा परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा में सुधार हेतु समस्त जिला में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उपरोक्त के सम्बन्ध में जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प पर नो हेलमेट नो फुल का स्लोगन व बैनर लगवाने तथा दो पहिया वाहनों से पेट्रोल लेने आने वाले व्यक्तियों को अनिर्वाय रूप से हेल्मेट पहनने हेतु प्रेरित किये जाने के निर्देश देने के साथ पेट्रोल पम्प स्वामियो को निर्देश दिये गये है कि किसी भी ऐसे दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल का विक्रय नहीं किया जायेंगा,जिसके चालक व सहयात्री ने हेलमेट नहीं पहना हों।

# सपा ही प्रदेश के युवाओ का बेहतर भविष्य तय करेगी- हिमांशु राणा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पिलखुवा निवासी हिमांशु राणा को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने सोमवार को नगर पालिका कॉम्प्लेक्स में शीर्ष नेताओं के फैसले का स्वागत करते हुए नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया है। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु राणा ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि हम सबको एक साथ मिलकर चलना है। और 2027 के चुनाव में हमे एक जुट होकर प्रदेश में सपा सरकार सरकार बनानी है। संगठन को मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ता समाजवादी विचारधारा को जनजन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। आज बेरोजगारी, महंगाई इतनी बढ़ गई है कि लोग परेशान है। आगामी विधान सभा चुनाव में सपा ही प्रदेश के युवा का बेहतर भविष्य तय करेगी। इसके लिए पार्टी जमीनी स्तर से कार्य कर रही है और आगे भी प्रदेश व देश हित के कार्य करती रहेगी। स्वागत करने वालों में अरुण तोमर, अमित सिरोही, धर्मवीर लाला, लोकेश कुमार, गफ्फार, पवन कश्यप, नरेश कर्दम, गगन शर्मा, वंश तोमर, पंकज शर्मा, पीयूष रुहेला आदि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य महिला आयोग सदस्य ने जिला अस्पताल पहुंचकर साफ सफाई के साथ मरीजो को बेहतर इलाज दिए जाने के दिए निर्देश

## जिला संयुक्त अस्पताल एवं आंगनवाड़ी केंद्रो का किया गया निरीक्षण

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो






हापुड़ । राज्य महिला आयोग सदस्य मीनाक्षी भराला द्वारा जिला संयुक्त अस्पताल एवं पिलखुवा आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने जिला अस्पताल में साफ सफाई तथा मरीजो को बेहतर इलाज दिए जाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में दवाइयां की व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया। इसी क्रम में सदस्य द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता के लिए संबंधित को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डॉ0 सुनील त्यागी मुख्य चिकित्साधिकारी, इला प्रकाश (डिप्टी कलेक्टर) जिला कार्यक्रम अधिकारी, स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, ललिता शर्मा सी0डी0पी0ओ0, सुपरवाईजर आंगनवाड़ी, सतेन्द्र कुमार डिस्ट्रीक्ट क्वार्डिनेटर, प्रतीक कनिष्ठ सहायक,जिला संयुक्त अस्पताल के स्टॉफ तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी, रविन्द्र कुमार विधि सह परिवीक्षा अधिकारी, हुमा, राकेश, निखिल, आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नोटों की जगह कागज की गड्डी थमा 50 हजार ठगे

गाजियाबाद । राजनगर में जालसाजों ने नोटों की जगह कागज की गड्डियां थमाकर 50 हजार रुपये ठग लिए और फरार हो गए। पीड़ित बैंक से पैसे निकालने गया था। आरोपियों के गायब होने के बाद पीड़ित ने रूमाल खोलकर देखा तो उसमें कागज की गड्डियां निकलीं। ठगी के संबंध में पीड़ित ने कविनगर थाने में शिकायत दी। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जालसाजों को ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। नया कविनगर आई-ब्लॉक में रहने वाले राजेंद्र कुमार गुप्ता का कहना है कि सात जनवरी को वह बैंक ऑफ इंडिया की राजनगर शाखा से पैसे निकालने गए थे। दोपहर करीब एक बजे उन्होंने खाते से 50 हजार रुपये निकाले थे। उन्हें खाते में एंट्री करानी थी, लिहाजा बैंक में ही रूक गए। इस वक्त बैंक का गार्ड खाना खा रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब डेढ़ बजे दो व्यक्ति बैंक से निकले। उनमें से एक आदमी बोला कि पासबुक में एंट्री वह कर देगा। राजेंद्र कुमार गुप्ता के मुताबिक उस व्यक्ति को उन्होंने गार्ड समझा। इसी बीच दूसरे व्यक्ति ने कहा कि बैंक वाले उसके दो लाख रुपये जमा नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि इस तरह बातों में उलझाकर दोनों लोगों ने उनसे 50 हजार रुपये ले लिए और उन्हें दो लाख रुपये की गड्डी थमा दी। कुछ दूर साथ चलने के बाद आरोपी आंखों से ओझल हो गए। उन्होंने रूमाल में बंधी नोटों की गड्डियां देखीं तो उनमें नोटों की जगह कागज थे। फर्जीवाड़े के संबंध में राजेंद्र गुप्ता ने 12 जनवरी को कविनगर थाने में शिकायथ दी। एसीपी कविनगर अभिषेक श्रीलास्तव का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया गया है। जालसाजों को ट्रेस करने के लिए बैंक तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी।

# 25 जनवरी 2025 को होने वाले मतदाता दिवस के आयोजन को लेकर बैठक हुई संपन्न



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को जनपद में होने वाले कार्यक्रमों की रणनीति बनाने की बैठक अपर जिला अधिकारी वित्त न्यायिक की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु ने कहा कि 25 जनवरी को मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का बेहतर प्रचार प्रसार किया जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर जनसामान्य की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करे। इसके लिए स्कूली बच्चों की रैली निकालने का रेहर्सल स्कूल पहले से ही कर ले। इसके अलावा कालेज तथा स्कूलों में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, स्लोगन तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया जाए साथ ही इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त होने वाले छात्र-छात्राओं में पुरस्कार वितरण किया जाए। प्रशासन के द्वारा बीएलओ के द्वारा बूथ स्तर पर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रभावी ढंग से किया जाए। साथ ही प्रथम वोटर तथा वरिष्ठ मतदाता को टारगेट करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए जिससे उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने मतदाता जागरूकता के लिए नेहरू युवा केंद्र संगठन, एनसीसी स्काउट गाइड के वॉलिंटियर्स का सहयोग लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस मतदाता दिवस की थीम वोट जैसा कुछ नहीं वोट जरुर डालेंगे हम है। मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाताओं के द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाना है शपथ कार्यक्रम को बूथ स्तर पर बीएलओ द्वारा तथा अन्य कार्यक्रमों में नोडल अधिकारी द्वारा आयोजन किया जाना है। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी पहले से ही तैयारियां पूर्ण कर लें। बैठक के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी श्रवण कुमार, स्कूलों के प्रधानाचार्य तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी श्रुति सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो





हापुड़। मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र नजीबाबाद-बिजनौर द्वारा खण्ड विकास कार्यालय हापुड़ ब्लाक में कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग 25 महिलाओं एवं एस0सी0/एस0टी0 वर्ग 25 कुल 50 महिलाओं द्वारा दर्जी उद्योग के प्रशिक्षण में भाग लिया गया,

प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन खण्ड विकास अधिकारी श्रुति सिंह ने फीता काटकर किया गया, एवं ब्लॉक स्तर पर चलने वाली सभी योजनाओ के बारे में जानकारी दी गयी, प्रशिक्षण में उपस्थित सभी महिलाओ को प्रतिदिन प्रशिक्षण में समय से भाग लेने एवं प्रशिक्षण को अच्छी तरह से प्राप्त करने का अनुरोध किया गया, इस अवसर पर प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य श्री सोम प्रकाश जी द्वारा प्रशिक्षण योजना से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी देते हुए प्रशिक्षण अवधि में उपस्थित महिलाओं को प्रतिदिन 250/- की दर से छात्रवृत्ति देय होगी, एवं प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षार्थियों को चाय नास्ता/दोपहर का खाना एवं समस्त कच्चा माल व अन्य सामग्री नियमानुसार नि:शुल्क दी जायेगी, प्रशिक्षण सत्र के अन्तिम दिन सैक्टर स्किल काउंसिल दिल्ली द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों का अससेमेंट किया जायेगा, अससेमेंट में सफल होने वाले प्रशिक्षार्थियों को ऑनलाइन प्राप्त प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेगे, जो प्रशिक्षार्थी अससेमेंट में असफल होता है तो उसका पुन: अससेमेंट किया जायेगा, ताकि सभी प्रशिक्षार्थियो को उक्त योजना की सुविधा का लाभ प्राप्त हो सके, इस अवसर पर अक्षय पवांर प्रबन्धक ग्रामोद्योग हापुड़ द्वारा जनपद स्तर पर संचालित योजनाओ की समस्त जानकारी दी गयी, जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकम योजना, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, माटीकला टूल किट्स वितरण योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना एवं माटीकला शिल्पकारी योजना आदि, अन्त में अमित कुमार, जिला ग्रामोद्योग कार्यालय हापुड़ एवं अन्य वक्ताओ द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये, अन्त में खण्ड विकास अधिकारी श्रुति सिंह द्वारा उपस्थित सभी महिलाओ को फाईल किट एवं अन्य सामग्री वितरित की गयी, इस अवसर पर धर्मेन्द्र कुमार, श्री संजय सैनी, टी0ओ0टी0 प्राप्त मास्टर ट्रेनर अनुराधा एवं ज्योति प्रशिक्षण के प्रभारी निखिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट कब्जाने की कोशिश का आरोप

गाजियाबाद । राजनगर एक्सटेंशन स्थित जैन समाज समिति के अध्यक्ष ने नौ लोगों पर फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर प्लॉट कब्जाने की कोशिश का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। अरविंद कुमार जैन का कहना है कि वह राजनगर एक्सटेंशन स्थित जैन समाज समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने शास्त्रीनगर डी-ब्लॉक निवासी आलोक कुमार, उनकी पत्नी गीता, बेटे आयुष फौगाट, गुलधर सेक्टर-23 की किरन रेजीडेंसी सोसाइटी में पंकज त्यागी, नूरनगर सिहानी निवासी सुशील कुमार राम, निवाड़ी क्षेत्र के गांव सौंदा निवासी आशीष कुमार सिंह, आंबेडकर नगर घूकना निवासी हितेश कुमार, अलीगढ़ के कौल निवासी विनोद कुमार तथा नंदग्राम एफ-ब्लॉक निवासी विध्या भारती के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर नंदग्राम थाने में धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया है। अरविंद कुमार जैन का कहना है कि उनकी संस्था धर्म-कर्म का कार्य कर एक जैन मंदिर का संचालन करती है। जैन मंदिर से सटा हुआ एक प्लॉट कीर्ति नगर दिल्ली निवासी सारुल त्यागी का था। इस प्लॉट को जैन समाज समिति ने नौ जनवरी 2020 को सारूल त्यागी से 13.80 लाख रुपये में खरीद लिया था। सारूल त्यागी ने यह प्लॉट विध्या भारती से दिसंबर 2011 में खरीदा था, जबकि विध्या भारती ने यह प्लॉट कृष्णा नगर मेरठ रोड निवासी शिवलाल से मई 2003 में खरीदा था। अरविंद कुमार जैन के मुताबिक 16 अक्तूबर 2023 को संजयनगर निवासी नितिन त्यागी अपने साथ सुशील कुमार राम, आशीष कुमार तथा दो अज्ञात व्यक्तियों को लेकर आया और प्लॉट को अपना बताने लगा। उसने प्लॉट विद्या भारती के मुख्त्यारेआम के जरिये सुशील कुमार राम से खरीदा है। अरविंद कुमार जैन का कहना है कि आरोपियों ने फर्जी मुख्त्यारेआम और दान-पत्र बनवाकर प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया। शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके चलते उन्हें कोर्ट की शरण लेनी पड़ी। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर नौ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रम अधिकारी ऊषा वर्मा अधिकारी द्वारा छापेमारी कर पिलखुवा में बालश्रमिकों को चिन्हित कर की कार्रवाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। पिलखुवा कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र में श्रम अधिकारी श्रीमती उषा वर्मा ने कोतवाली पिलखुवा क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर दो किशोर श्रमिक एक बाल श्रमिक चिन्हित किया गया तीन प्रतिष्ठानों से परतापुर रोड पिलखुवा सेवायोजक विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।



# आपत्तिजनक वीडियो-फोटो वायरल करने वाला गिरफ्तार

ट्रांस हिंडन । लिंकरोड थानाक्षेत्र में रहने वाले युवक के चचेरे भाई ने उनकी पत्नी की आपत्तिजनक वीडियो और फोटो वायरल कर दिए। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तार कर लिया। लिंकरोड थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित ने बताया कि पास में ही चचेरा भाई भी रहता है। चचेरे भाई ने उसकी पत्नी की आपत्तिजनक फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जब वह पत्नी और साले के साथ चेचेरे भाई के घर पहुंचे और विरोध किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट कर दी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही।

दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस
हापुड़, मंगलवार 14 जनवरी 2025



## मैसर्स- वेयर वेल इंडिया कम्पनी पर श्रमिकों ने सीटू के बैनर तले किया प्रदर्शन




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । नोएडा वेतन में बढ़ोत्तरी, कार्य से निकाले गए श्रमिकों को क्षतिपूर्ति सहित पुन: कार्य पर बहाली, मांग पत्र पर सम्मानजनक समझौता व अन्य श्रम समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मैसर्स- वेयर वेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बी- 43 व 44 होजरी काम्प्लेक्स फेज- 2, नोएडा कम्पनी के श्रमिकों ने सीटू के बैनर तले कंपनी के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ ने संबोधित किया और उन्होंने अपने संबोधन में उन्होंने कारखाना प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते श्रमिकों की समस्याओं पर सम्मानजनक समझौता नहीं किया गया तो 20 जनवरी 2025 को कम्पनी के गेट पर बड़ा धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

## कोहरे के बीच 100 से अधिक गौ वंश को रेडियम बेल्ट लगा चुकी संस्था



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । देर रात्रि जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था द्वारा पुन: नोएडा शहर के अंदर विभिन्न स्थानों सेक्टर 37,44,45,38,सदरपुर आदि जगहों पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बेसहारा गौवंश को रेडियम बेल्ट लगाई गई,संस्था के सदस्य अजय चौहान ने बताया कि हमारी संस्था पिछले 10 दिनों से शहर के सड़को पर उतरी हुई है जिसमें हमारा उद्देश्य है देर रात शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गौवंश घने कोहरे के बीच वाहन चालकों दिखाई नहीं दे पाते है जिसकी वजह से बड़े बड़े सड़क हादसे हो जाते है जिनके दौरान गौवंश के साथ साथ न जाने कितने परिवार अपनी जान गवा बैठते है इसी को ध्यान में रखते हुए सड़क हादसों पर लगाम लगाने हेतु संस्था द्वारा यह अहम कदम उठाया गया है जिससे कि किसी की जान न जा सके। इस मौके पर दीपांशु शर्मा,अनमोल सहगल,आर्यन शुक्ला,दुर्गा प्रसाद दुबे, संदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली में मिले पशु के अवशेष, ग्रेनो में केस दर्ज

ग्रेटर नोएडा । दिल्ली के गोरक्षक ने नॉलेज पार्क थाने में गोकशी के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है। आरोप है कि ग्रेनो में की गई गोकशी के अवशेष दिल्ली पुलिस ने बरामद किए हैं। गोरक्षक ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली निवासी गोरक्षक रूपेश उर्फ रॉकी राणा ने नॉलेज पार्क थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है कि दिल्ली पुलिस की आईपी स्टेट थाना पुलिस ने प्रतिबंधित पशु के अवशेष बरामद किए हैं। इसमें पता चला है कि गोकशी नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में की गई थी। कार के जरिए आरोपी अवशेष लेकर दिल्ली पहुंचे थे। इसके चलते गोरक्षक ने कार नंबर के आधार पर गोकशी करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। गोरक्षक ने पुलिस से गोतस्करों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस कार का नंबर ट्रेस कर रही है। आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

## सातवीं मंजिल से गिरे युवक की मौत के मामले में छात्रा गिरफ्तार

नोएडा । सेक्टर-99 स्थित सुप्रीम टावर सोसाइटी की सातवीं मंजिल से गिरकर युवक की मौत होने के मामले में सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने सोमवार को एक युवती को गिरफ्तार कर लिया। युवती पर युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगा था। जिस युवक की मौत हुई है, आरोपी युवती उसकी सहपाठी, दोस्त और प्रेमिका है। पुलिस के मुताबिक गाजियाबाद निवासी 23 वर्षीय तापस एमिटी विश्वविद्यालय में एलएलबी की पढ़ाई करता था। उसकी शामली निवासी इप्शा से दोस्ती थी। दोनों निजी विश्वविद्यालय में एक ही सेमेस्टर में पढ़ाई करते थे। युवती और तापस की दोस्ती कुछ महीने पहले प्यार में बदल गई और दोनों साथ रहने लगे। किसी कारण से कुछ समय पहले दोनों युवती के बीच अनबन हो गई और युवती ने संबंध तोड़ लिया। सुप्रीम टावर में रहने वाले तापस के दोस्तों ने शनिवार को उसे और युवती को बुलाया। दोस्तों ने टावर की सातवीं मंजिल पर फ्लैट लिया हुआ था। तापस, युवती और उसके साथियों ने शाम को पार्टी की। तापस के दोस्तों ने युवती को फिर से साथ रहने के लिए कहा तो उसने इनकार कर दिया। यह बात तापस को इतनी बुरी लगी कि उसने सातवीं मंजिल से छलांग लगा दी। इसमें उसकी मौत हो गई। युवक तापस के परिजनों का यह भी कहना है कि हो सकता है कि युवती और उसके दोस्तों ने ही उसे सातवीं मंजिल से धक्का दिया हो। छात्र के परिजनों ने युवती पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था। पुलिस युवती की तलाश कर रही थी। सोमवार को इप्शा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस ने विश्वविद्यालय प्रबंधन को भी दे दी है। युवती के परिजन वर्तमान में दिल्ली के पटपड़गंज में रहकर कारोबार करते हैं। तापस की मौत मामले में पुलिस ने उसके सभी दोस्तों से भी पूछताछ की है।

## शराब के अधिक रेट लेने पर केस

ग्रेटर नोएडा । आबकारी विभाग ने प्रिंट से अधिक रेट पर शराब बेचने वाले दो और सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। इससे पहले भी दस से अधिक सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है। आबकारी निरीक्षक अभिनव शाही ने बताया कि रविवार की रात ग्रेनो वेस्ट के रोजा याकूबपुर में टीम के साथ अभियान चलाया गया। इस दौरान दो अलग-अलग दुकानों पर ग्राहकों को शराब खरीदने के लिए भेजा गया। एक दुकान पर सेल्समैन प्रदीप और दूसरी दुकान पर सेल्समैन अनूप ने प्रिंट रेट से 10 रुपये अधिक वसूले। आबकारी विभाग की टीम ने दोनों सेल्समैन को रंगे हाथ पकड़ लिया। उनके खिलाफ बिसरख थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। आबकारी निरीक्षक ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अभियान निरंतर जारी रहेगा। अधिक रुपये वसूलने वाले सेल्समैन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में बिसरख कोतवाली प्रभारी का कहना है कि आबकारी निरीक्षक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं केजरीवाल- सुधांशु

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किये जाने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) तथा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है और कहा कि क्या वह (श्री केजरीवाल) संविधान से ऊपर हैं कि कैग की रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर नहीं रख रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को कैग की रिपोर्ट के मुद्दे पर पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुये आप पर निशाना साधा और कहा कि दिल्ली में मुख्यमंत्री हैं भी और नहीं भी हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में यहां अस्थायी मुख्यमंत्री और वास्तविक मुख्यमंत्री के बीच द्वंद है, जिसे लेकर जनता के मन में कई प्रश्न तो उठ ही रहे थे। अब प्रश्न संवैधानिक व्यवस्थाओं और कानूनी दृष्टिकोण से भी उठने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आप नेता रोज एक सवाल खड़ा करते हैं, लेकिन दिल्ली सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन के पटल नहीं रखती है। यह समझ से परे है कि आप सरकार कैग की रिपोर्ट को पर क्यों नहीं रख रही है? उन्होंने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद भी आप सरकार कैग की रिपोर्ट को सदन में नहीं रख रहा है। भाजपा नेता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 11 जनवरी 2025 को कहा था कि कैग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, ''इससे यह साफ है कि ये आर्थिक और राजनीति के साथ-साथ संवैधानिक आपदा भी है। आप सरकार अपने आय व्यय की समीक्षा को सार्वजनिक भी नहीं करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पहले आप वाले कांग्रेस के साथ गये, अब साथ नहीं हैं, लेकिन उसका (कांग्रेस) वायरस तो लेकर आये गये हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने एक बार कहा था कि 100 जवाबों से बेहतर है मेरी एक खामोशी, श्री केजरीवाल भी शायद ये कहने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन श्री मनमोहन सिंह के ठीक उल्टे अंदाज में। श्री केजरीवाल कहना चाहते हैं कि 100 जवाबों से अच्छा है, मेरा एक बवाल। भाजपा प्रवक्ता ने आप और श्री केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा, ''100 जवाबों से अच्छा है मेरा ये बवाल, ताकि आर्थिक घोटाले के हर पहलू से बचते रहें केजरीवाल। उन्होंने कहा, ''हम उनसे पूछना चाहते हैं कि आम आदमी पार्टी जवाब दे कि उसने कैग की रिपोर्ट सदन के पटल पर क्यों नहीं रखी। उनके सचिव ने लिख कर दिया है इसका कोई फायदा नहीं है, तो वह आकर साफ़ स्पष्ट करें कि संवैधानिक अपरिहार्यता को पूरा न करने के पीछे क्या मकसद है। क्या अपने को संविधान से ऊपर समझते हैं या नहीं।।

## दिल्ली में शीतलहर, घने कोहरे से विमान और रेल परिचालन बाधित



नई दिल्ली । भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया, जो इस समय के सामान्य तापमान से 2.2 डिग्री अधिक है। आईएमडी के अनुसार, सापेक्षिक आर्द्रता 99 प्रतिशत दर्ज की गई और दिन में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। आईएमडी ने राष्ट्रीय राजधानी में घने कोहरे की वजह से 'येलो अलर्ट' जारी किया है। सुबह के समय घने कोहरे के कारण हवाई और रेल यातायात बाधित हुआ। कम दृश्यता के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर कई उड़ानों के परिचालन में देरी हुई, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। कोहरे के कारण ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं, कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं और कुछ का परिचालन रद्द कर दिया गया है। राष्ट्रीय राजधानी में खराब वायु गुणवत्ता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 274 दर्ज किया।

एक्यूआई 274 बताता है कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता ''खराब'' श्रेणी में है। सीपीसीबी के दिशा-निर्देशों के अनुसार, 201 से 300 के बीच का एक्यूआई खराब वायु गुणवत्ता को दर्शाता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 के बीच 'संतोषजनक', 101 से 200 के बीच 'मध्यम', 201 से 300 के बीच 'खराब', 301 से 400 के बीच 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को 'गंभीर' श्रेणी में माना जाता है।

## सीएजी रिपोर्ट भेजने में देरी करने पर दिल्ली सरकार को हाईकोर्ट की फटकार, कहा-बेहद दुर्भाग्यपूर्ण

नई दिल्ली । दिल्ली हाईकोर्ट ने सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी करने पर दिल्ली सरकार को फटकार लगाई है. जस्टिस संजीव नरुला की बेंच ने कहा कि वो दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने पर आज ढाई बजे सुनवाई करेगा. सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप सीएजी की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने में देरी कर रहे हैं. आपको सीएजी रिपोर्ट तुरंत विधानसभा के स्पीकर को भेजना चाहिए थी,

ताकि इस पर विधानसभा में चर्चा हो सके. जब याचिकाकर्ता बीजेपी विधायकों की ओर से विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का निर्देश देने की मांग की गई तो कोर्ट ने कहा कि इस पर हम ढाई बजे सुनवाई करेंगे, लेकिन अब जब कि चुनाव की घोषणा हो चुकी है ऐसे में विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए कैसे कहा जा सकता है. हाईकोर्ट ने जारी किया था नोटिस हाईकोर्ट ने 24 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार और दिल्ली के उप-राज्यपाल को नोटिस जारी किया था. याचिका में दिल्ली सरकार को सीएजी की 14 रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर रखने का आदेश देने की मांग की गई है. याचिका में कहा गया है कि हाईकोर्ट में आश्वासन देने के बावजूद एक सप्ताह बाद भी दिल्ली सरकार ने विधानसभा के पटल पर सीएजी की रिपोर्ट सदन में नहीं रखी है. याचिका में कहा गया है कि दिल्ली हाईकोर्ट में 16 दिसंबर को दिल्ली सरकार ने दो से तीन दिन में सीएजी की रिपोर्ट दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष को भेजने का आश्वासन दिया था. इस आश्वासन के एक हफ्ते बाद तक भी आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार ने न तो ये रिपोर्ट्स स्पीकर को भेजी हैं और ना ही इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है. याचिका में क्या कहा गया है? याचिका में कोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह दिल्ली सरकार को निर्देश जारी कर सीएजी की 14 रिपोर्ट्स को तुरंत ही स्पीकर को भेजने और इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने का आदेश दे. हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार ने कहा था कि उसने शराब कर, प्रदूषण और वित्त से संबंधित सीएजी रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखने के लिए उप-राज्यपाल को भेज दिया है.

सुनवाई के दौरान उप-राज्यपाल की ओर से पेश हुए वकील ने कहा था कि 11 दिसंबर की रात में दस फाइल उप-राज्यपाल के दफ्तर विधानसभा के पटल पर रखने के लिए भेजी गई हैं. याचिका में कहा गया था कि सीएजी की ये रिपोर्ट्स मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री आतिशी के पास लंबित हैं और उप-राज्यपाल के बार-बार अनुरोध के बावजूद इन्हें विधानसभा के समक्ष पेश करने के लिए नहीं भेजा गया है. याचिका में कहा गया था कि इस मामले पर याचिका दायर करने से पहले बीजेपी विधायक इस मामले पर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और विधानसभा अध्यक्ष से संपर्क कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है. इसे लेकर बीजेपी विधायकों ने आतिशी मार्लेना के निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन भी किया था.

## जाट समाज के प्रतिनिधियों से केजरीवाल ने की मुलाकात



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को जाट समाज के कई प्रतिनिधियों से अपने निवास पर मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर याद दिलाया था कि 2015 में प्रधानमंत्री ने जाट समाज को केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल करने का आश्वासन दिया था। अभी दिल्ली का जाट समाज दिल्ली सरकार में ओबीसी की कैटेगरी में आता है लेकिन केंद्र की ओबीसी की लिस्ट में नहीं आता है। हमने प्रधानमंत्री से दिल्ली के जाट समाज केंद्र की ओबीसी लिस्ट में भी डालने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के किसी भी कॉलेज में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। क्योंकि राजस्थान का जाट समाज केंद्र सरकार की ओबीसी लिस्ट में शामिल है लेकिन दिल्ली का जाट नहीं शामिल है। इससे बड़ी विसंगति व अन्याय और क्या हो सकता है। दिल्ली में स्थित केंद्र सरकार के सभी संस्थानों एम्स, सफदरजंग, एनडीएमसी और डीडीए में राजस्थान के जाट समाज को आरक्षण मिलता है लेकिन दिल्ली के जाट समाज को नहीं मिलता है। केजरीवाल से मुलाकात के दौरान अंतरराष्ट्रीय दूहन खाप के प्रधान सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि अरविंद केजरीवाल से बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में बात हुई। 2004 से हम केंद्र की ओबीसी सूची में जाट समाज को शामिल करने की मांग उठा रहे हैं। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। जाट समाज को ओबीसी में आरक्षण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी आश्वासन दिया था लेकिन आश्वासन पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मुंह से निकला हुआ एक-एक शब्द पत्थर की लकीर होता है। उन्होंने दिल्ली की जनता से वादे किए थे, जिन्हें पूरा किया। जनता ने अरविंद केजरीवाल को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया।

सतपाल सिंह दूहन ने कहा कि हमारी मुख्य मांग यह है कि देश में बाकी राज्यों से दिल्ली आने वाले बच्चे का यहां के स्कूलों और अस्पतालों में दाखिला हो जाता है, जबकि दिल्ली के हमारे समाज के बच्चे इससे वंचित हैं। आज की हमारी मुख्य मांग यही थी कि हमें हमारे अधिकार मिलने चाहिए। इससे पहले हरियाणा, राजस्थान और उप्र में जाट समाज के लिए 2016 में आंदोलन के लिए जिन अधिकारों की मांग की गई थी, इसको लेकर भी हमने अरविंद केजरीवाल से अपील की थी कि वह पूरे भारत में पूरे जाट समाज की लड़ाई लड़ने का काम करें। अरविंद केजरीवाल भी इसके लिए तैयार थे। हमारे कहने से पहले भी वो इसके लिए तैयार थे कि वह मरते दम तक जाट समाज की लड़ाई लड़ेंगे।

## आप ने 'दिल्ली दा पूत्त केजरीवाल' गाना जारी कर लोगों से उन्हें फिर से चुनने की अपील की



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को लोहड़ी के अवसर पर 'दिल्ली दा पूत्त केजरीवाल' के बोल वाला एक गीत जारी किया, जिसमें दिल्लीवासियों से आगामी विधानसभा चुनावों में अरविंद केजरीवाल को फिर से चुनने की अपील की गई। पार्टी के एक बयान में कहा कि एक मिनट 33 सेकंड के पंजाबी गीत की पंक्ति है, ''इस वारी सुन लो, फिर केजरीवाल नुं चुन लो'' है जिसमें मतदाताओं से जनकल्याण योजनाओं को जारी रखने और उनके वादों को पूरा करने के लिए केजरीवाल को फिर से चुनने का आह्वान किया गया है। लोहड़ी का त्योहार पंजाब और दिल्ली में बड़े स्तर पर मनाया जाता है। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी किए गए इस गाने को आप समर्थकों ने खूब साझा किया है। इस गाने में दिल्ली में केजरीवाल की उपलब्धियों को बताया गया है और शहर के विकास के लिए उनके दृष्टिकोण पर जोर दिया गया है। बयान में कहा गया है कि यह केजरीवाल सरकार की प्रमुख पहलों को रेखांकित करता है, जैसे मुफ्त बिजली, पानी और वरिष्ठ नागरिकों के लिए तीर्थ यात्रा कार्यक्रम। इस गाने में 'आप' के घोषणापत्र के तहत नई गारंटियों का भी जिक्र किया गया है। इन घोषणाओं में महिला सम्मान योजना और संजीवनी योजना शामिल हैं।

महिला सम्मान योजना के तहत हर महिला को सीधे उनके बैंक खातों में 2,100 रुपये प्रति माह देने का वादा किया गया है और संजीवनी योजना का उद्देश्य 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी चिकित्सा खर्चों को कवर करना है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा और परिणाम आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव - भाजपा का दलितों के प्रभाव वाली 30 सीट पर विशेष ध्यान

नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले महीनों तक चलाये गए सतत एवं केंद्रित संपर्क अभियान के आधार पर यहां के दलितों के प्रभाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। यह बात पार्टी ने नेताओं ने कही। वर्ष 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में से एक भी सीट नहीं जीत पायी थी। पिछले चुनावों में भी, भाजपा कभी भी इनमें से दो-तीन सीट से अधिक नहीं जीत पायी। दिल्ली भाजपा नेताओं के अनुसार, दिल्ली में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित 30 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें दलित समुदाय के मतदाता 17 से 45 प्रतिशत तक हैं। उन्होंने बताया कि 12 आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के अलावा, राजेंद्र नगर, चांदनी चौक, आदर्श नगर, शाहदरा, तुगलकाबाद, बिजवासन सहित 18 अन्य सीट हैं, जहां अनुसूचित जाति समुदाय के वोट 25 प्रतिशत तक हैं, जहां भाजपा और उसके अनुसूचित जाति मोर्चा ने पिछले कई महीनों में काम किया है। पिछले कुछ महीनों में इन 30 निर्वाचन क्षेत्रों की झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में अनुसूचित जाति कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक संपर्क अभियान चलाया गया। दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा ने कहा कि इन सभी 30 निर्वाचन क्षेत्रों में समुदाय के सदस्यों के बीच केंद्रित संपर्क के लिए अनुसूचित जाति के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को 'विस्तारक' के रूप में नियुक्त किया गया था। उन्होंने कहा कि 'विस्तारकों' ने इन निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न इलाकों और आवासीय क्षेत्रों में व्यक्तियों से संपर्क करने के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र पर 10 दलित युवाओं को तैनात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसे 5,600 से अधिक मतदान केंद्रों की पहचान की है, जिनमें से 1,900 से अधिक बूथ पर विशेष ध्यान दिया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि मतदाताओं से संवाद करने और उन्हें मोदी सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए गए कार्यों और आम आदमी पार्टी (आप) के 10 साल के शासन में ''विफलताओं'' के बारे में समझाने की पूरी कवायद में 18,000 से अधिक सक्रिय कार्यकर्ताओं का नेटवर्क शामिल था। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में भाजपा ने पार्टी के 55 बड़े दलित नेताओं को शामिल किया, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश और हरियाणा के पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन निर्वाचन क्षेत्रों में बैठकों के लगातार दौर आयोजित किये गए। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, सम्पर्क को और मजबूती प्रदान करने के लिए आस-पड़ोस में राजनीतिक प्रभाव रखने वाले प्रमुख मतदाताओं के रूप में पहचाने गए समुदाय के लगभग 3,500 व्यक्तियों से संपर्क किया गया। भाजपा ने दिसंबर से इन निर्वाचन क्षेत्रों में राजनीतिक प्रभावशाली लोगों, पेशेवरों और समुदाय के प्रमुख स्थानीय लोगों को सम्मानित करने के लिए 'अनुसूचित जाति स्वाभिमान सम्मेलन' आयोजित करना शुरू किया। गिहारा ने कहा,

''अब तक 15 ऐसे सम्मेलन आयोजित किए जा चुके हैं और प्रत्येक में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता मौजूद रहे हैं। इन बड़ी बैठकों में समुदाय का बहुत समर्थन दिखायी दिया, जिसमें प्रत्येक बैठक में दलित समुदाय के 1,500-2,500 आम सदस्यों ने भाग लिया।'' दिल्ली की 70 विधानसभा सीट के लिए पांच फरवरी को मतदान होगा। आठ फरवरी को मतगणना के बाद नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## दिल्ली में आदर्श आचार संहिता लागू होने के एक सप्ताह के भीतर 21 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई




नई दिल्ली । दिल्ली में विधानसभा चुनाव की घोषणा के एक सप्ताह के भीतर 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब सहित अन्य वस्तुएं जब्त की गईं। दिल्ली में सात जनवरी से आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) लागू है।

दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है, जिसके नतीजे 8 फरवरी को घोषित किए जाएंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर एलिस वाज (सीईओ) ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले विभिन्न विभागों ने 21 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी और शराब जैसी अन्य वस्तुएं जब्त की हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वी दिल्ली में सबसे अधिक 6.83 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। दूसरे स्थान पर सेंट्रल दिल्ली है, जहां 6.81 करोड़ रुपये मूल्य की जब्त वस्तुएं हैं, जबकि नई दिल्ली क्षेत्र में सबसे कम 3.9 लाख रुपये मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं। राजधानी में कुल मिलाकर 21.89 करोड़ रुपये की वस्तुएं जब्त की गई हैं। इसमें 9.8 करोड़ रुपये नकद, 6.1 करोड़ रुपये की कीमती धातुएं, 5.05 करोड़ रुपये की ड्रग्स, 47 लाख रुपये से अधिक मूल्य की फ्रीबी और 45 लाख रुपये से अधिक मूल्य की शराब शामिल है।

## किड्स गार्डन प्ले स्कूल की ओर से वार्षिकोत्सव आयोजित



नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी दिल्ली में न्यू उस्मानपुर स्थित किड्स गार्डन प्ले स्कूल के प्रबंधन की ओर से सभागार में मेरी बेटी, मेरी अस्तित्व शीर्षक के आधार पर धूमधाम से वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व दीप प्रज्वलन से की गई। इस अवसर पर प्ले स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों के साथ ही उनकी शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह का मनमोह लिया। प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति जैन के साथ ही सभी शिक्षिकाओं, अभिभावकों व बच्चों ने वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में अपनी-अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों ने बच्चों व शिक्षिकाओं को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. चौधरी, गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. नीरज गुप्ता, आल दिल्ली पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष भूषण कुमार जैन, दिल्ली नगर निगम प्राथमिक विद्यालय कड़कड़डूमा की प्रधानाचार्या लीनू जैन, पारदर्शी टाइम्स के कार्यकारी संपादक आर.के. शर्मा, व्योमिनी सोशल फाउंडेशन की संस्थापक प्राची कौशिक, वालिंटियरे हेल्थ एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति जैन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को भेंट स्वरूप गुलदस्ता व उपहार देकर सम्मानित किया।

वहीं, कार्यक्रम के अंत में प्ले स्कूल की प्रधानाचार्या प्रीति जैन ने सभी साथियों अतिथियों व बच्चों के अभिभावकों का भी धन्यवाद किया। कुल मिलाकर कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा।

